शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 117 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 23 मई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# पूरे देश में वोट जिहाद करना चाहती है कांग्रेस: मोदी

## घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है विपक्षी गठबंधन: नरेन्द्र मोदी

**श्रावस्ती**

**भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रधान**मंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बुद्ध की धरती श्रावस्ती की एक चुनावी जनसभा में विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए को घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी बताया। उन्होंने कहा कि ये तीनों कैंसर से भी भयंकर बीमारियां हैं जो देश को तबाह कर सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के लोग जब जनता के बीच जाते हैं तो जनता पूछती है कि 60 साल में क्या किया। ये अपना तुरुप का इक्का निकालते हैं। समाज को बांटो और राज करो। तुष्टीकरण के लिए इंडी गठबंधन (आईएनडीआईए) वाले नई स्कीम लेकर आए हैं। कांग्रेस कहती है कि सम्पत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। मोदी कहते हैं कि सम्पत्ति पर पहला अधिकार गरीबों का है। ये वोट बैंक में बांटना चाहते हैं। दूसरी स्कीम में एससी, एसटी, ओबीसी से आरक्षण छीन कर मुस्लिमों में बांट देना है। पूरे देश में वोट जिहाद करने वालों को आरक्षण छीन कर देना चाहते हैं लेकिन मैं कहता हूं कि जबतक जिंदा हूं, गरीब, दलित, पिछड़े और आदिवासियों का आरक्षण कोई छीन नहीं सकता। जनसभा में उमड़ी भीड़ से गदगद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपका यह उत्साह देखकर लगा रहा है कि सपा-कांग्रेस का इंडी गठबंधन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। कल मैंने एक वीडियो देखा। उसमें लोग भाग-भाग कर मंच पर चढ़ जा रहे हैं। मैने पूछा कि क्या हो रहा है। मुझे बताया गया कि सपा कांग्रेस के लोग भीड़ जुटाने के लिए पैसे देते हैं। आने वालों को पैसे नहीं मिले तो वे भाग-भाग कर मंच पर चढ़ने लगे। साथियों, जिस पार्टी का यह हाल हो, उसका क्या कहना। सपा को गुंडाराज वाली सरकार वापस चाहिए। गुंडों ने जो भूमि कब्जाई थीं, उन पर सरकार गरीबों के लिए घर बना रही है। यूपी में गुंडे गले में तख्ती लटका कर जेल जाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एक दिग्गज नेता जिनका पार्टी पर पूरा-पूरा कंट्रोल है, वह कांग्रेस के शहजादे के कहने पर चलते हैं। मोदी को गाली देते हैं। वह लगातार ट्वीट कर रहे थे कि निवर्तमान नरेन्द्र मोदी...। अब वह निवर्तमान वाला मजाक करना भी छोड़ दिए हैं। मतलब वह भी मान गए हैं कि देश की जनता ने मोदी को एक बार फिर प्रधानमंत्री बना दिया है।



### मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं: पीएम

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे दें और परिवार को गालियां दें लेकिन सपा, कांग्रेस वाले कान खोलकर सुन लें मोदी को भ्रष्टाचार मंजूर नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने श्रावस्ती में हुए विकास कार्यों का भी जिक्र किया। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान श्रावस्ती से भाजपा के प्रत्याशी साकेत मिश्र और गैसड़ी विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार शैलेश कुमार सिंह शैलू के लिए वोट की अपील की। इससे पहले थारू जनजाति की महिलाओं ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। भेंट स्वरूप बेना (हाथ ते चलाने वाला पंखा) दिया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, पूर्व मंत्री अनुपमा जायसवाल समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने संविधान खत्म करने की कोशिश की: पीएम मोदी



**पीएम** मोदी ने कहा कि सपा-कांग्रेस के लोग कहते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है। आज मोदी सरकार है। भारत किसी को डराना नहीं चाहता, लेकिन जो हमें डराना चाहते हैं उन्हें बख्सेगा नहीं। उन्होंने कहा कि आज का भारत घर में घुस कर मारता है। दोनों शहजादे मिलकर अफवाह फैलाते हैं। चार जून को यूपी की जनता इनको नींद से जगाने वाली है। तब यह लोग इसका ठीकरा ईवीएम पर फोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियों ने तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। हमारा देश पांच सौ सालों से राम मंदिर का इंतजार कर रहा था। इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर नहीं चाहिए। सपा वाले तो कहते हैं कि राम मंदिर जाने वाले लोग पाखंडी है। रामलला को फिर से टेंट में भेजना चाहते हैं। कांग्रेस को अचानक संविधान याद आ गयी। पीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश में आपातकाल लगाकर संविधान खत्म करने की कोशिश की। बिहार के पिछड़े नेता सीताराम केसरी कांग्रेस के अध्यक्ष थे। मैडम सोनिया ने उन्हें बाथरूम में बंद कर दिया। खुद अध्यक्ष बन गयीं। सपा तो हमेशा दलित विरोधी रही है।

### यूपी में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लांच हुई : प्रधानमंत्री मोदी



**पीएम** ने कहा कि देश के कोने-कोने में मैं गया हूं। हर ओर एक ही नारा, एक ही संकल्प है फिर एक बार मोदी सरकार। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने 60 साल तक कुछ नहीं किया, वे मोदी के कामों को और मोदी को रोकने के लिए एक हो गए हैं। यूपी में दो लड़कों की जोड़ी फिर से लांच हुई है। वही पुराने किरदार, वही पुराने डायलाग हैं। इन लोगों (विपक्ष) के मुंह से कोई नई बात सुनी क्या? देश को लेकर उनका क्या प्लान है, क्या रोडमैप है। दोनों शहजादों ने नहीं बताया है। ये लोग कहते हैं कि मोदी के सारे कामों को पलटने आएंगे। हम नए सिरे से देश को चलाएंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने अपनी सरकार की 10 साल की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने बताया कि मोदी ने चार करोड़ लोगों को पक्का घर दिए। 50 करोड़ से ज्यादे जनधन खाते खुलवाए। मोदी ने हर गांव में बिजली पहुंचाई। मोदी घर-घर पानी पहुंचा रहा है। सपा कांग्रेस वाले आपके घर की पानी की टोंटी भी खोलकर ले जाएंगे। इसमें भी उन्हें महारत है। क्या आप लोग इन्हें ऐसा करने देंगे। मोदी ने जो किया वह इंडी गठबंधन के बस की बात नहीं है। क्या-क्या पलटोगे? कहते हैं कि कांग्रेस आई तो कश्मीर में 370 फिर से लगाएगी। आतंकी जेल से छूट जाएंगे। जिन लोगों की सोच ऐसी है, ऐसे इंडी गठबंधन वालो के इरादे देश को कितना तबाह कर देंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस आई तो भ्रष्टाचार पर बने कड़े कानून को समाप्त कर भ्रष्टाचारियों को बचाएंगे। सपा में नौकरी देने से लेकर अन्य सुविधाओं में रेट फिक्स था। अब यह सब बंद हो गया है। आप लोग ही बताएं जिसका इतना नुकसान हुआ है, वे मोदी को गालियां देंगे या नहीं। मुझे इनकी गालियां मंजूर हैं।

## मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में नहीं कर रहे सहयोग: ईडी

**रांची**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड के लिए दिये आवेदन में बुधवार को पीएमएलए कोर्ट को बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। ईडी ने कहा कि जब्त की गयी सामग्रियों, दस्तावेजों, रिकॉर्डों से नये तथ्य सामने आये हैं, जिनका आलमगीर से आमना-सामना कराने की जरूरत है। ईडी ने कहा कि डिजिटल रिकॉर्ड भारी मात्रा में हैं। विभिन्न डिजिटल उपकरणों से डाटा निकालने का काम अभी भी जारी है। साथ ही संजीव लाल और जहांगीर आलम से पूछताछ के दौरान कई नये तथ्य सामने आये हैं। इन तथ्यों का मंत्री के साथ सामना कराने और पुष्टि करने की जरूरत है। क्योंकि, आलमगीर धन के स्त्रोत यानी अपराध की आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छिपा रहे हैं और अपने जवाबों में भी टालमटोल कर रहे हैं। ईडी ने यह भी कहा कि आलमगीर और उनके सहयोगियों द्वारा अपराध की आय से अर्जित संपत्तियों की पहचान करने और मंत्री के माध्यम से अपराध की आय अर्जित करने वाले अन्य लाभार्थियों की भूमिका की जांच करने के लिए भी उनकी हिरासत में पूछताछ जरूरी है।

## चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ जस्टिस गांगुली ने हाई कोर्ट में लगाई याचिका

**कोलकाता**

कलकत्ता हाई कोर्ट के जज के पद से इस्तीफा देकर चुनाव लड़ रहे पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगुली ने अपने प्रचार पर रोक लगाने के आयोग के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल की है। तमलुक से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली ने बुधवार दोपहर कलकत्ता उच्च न्यायालय में आकर भारत के राष्ट्रीय चुनाव आयोग के आदेश को सीधे चुनौती दी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से उन्हें प्रचार से रोका गया है वह उन्हें "दागदार" और "बदनाम" करने का कदम है। अभिजीत के चुनाव प्रचार पर 24 घंटे की रोक लगाते हुए आयोग ने कहा, "पश्चिम बंगाल राज्य में, जहां महिलाओं का सम्मान करने की एक विशिष्ट परंपरा है।

## भाजपा-कांग्रेस पर चुनाव आयोग सख्त रवैया अपनाया, नड्डा-खरगे को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के बीच राजनीतिक दलों के नेताओं की बयानबाजी का सिलसिला भी जारी है। चुनाव आयोग द्वारा लगातार ऐसे मामलों पर कार्रवाई भी की जा रही है। इस बीच चुनाव आयोग ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को निर्देश दिए हैं। दोनों नेताओं से कहा गया है कि अपने स्टार प्रचारकों को कोई भी बयान देते समय सावधानी बरतने और मयार्दा बनाए रखने के निर्देश दें। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव प्रचार के गिरते स्तर को देखते हुए ये आदेश दिए गए हैं। आयोग ने जाति,



समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर प्रचार करने के लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों को आड़े हाथों लिया। आयोग ने भाजपा को निर्देश दिए हैं कि पार्टी के नेता अपने भाषणों के दौरान धार्मिक और सांप्रदायिक बयानबाजी न करें। यह भी कहा गया है कि समाज को बांटने वाले बयानों से बचें। चुनाव आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि चुनाव के समय सत्तारूढ़ दल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी होती है। चुनाव आयोग ने कांग्रेस नेताओं से कहा है कि आधारहीन बयानबाजी न करें।

## भरेगा खजाना: नई सरकार को आरबीआई से मिलेगा 2.11 लाख करोड़ रुपये का चेक

**नई दिल्ली**

आम चुनाव 2024 के परिणामों के बाद देश में बनने वाली नई सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से बड़ा तोहफा मिलेगा। केंद्रीय बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार की बैठक में वित्त वर्ष 2024 के लिए केंद्र सरकार के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी दी, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में लगभग 141 प्रतिशत अधिक है। वित्तीय वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंक ने केंद्र




सरकार को अधिशेष के रूप में ?87,416 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुंबई में बुधवार को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान बोर्ड ने सरकार को 2,10,874 करोड़ रुपये का अधिशेष हस्तांतरित करने का फैसला किया।

**अब तक के सर्वाधिक लाभांश के भुगतान को मंजूरी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के अब तक के सर्वाधिक लाभांश भुगतान को मंजूरी दी। आरबीआई की ओर से केंद्र को लाभांश या अधिशेष हस्तांतरण के तौर पर वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये दिए गए गए थे। इससे पहले 2018-19 में सबसे अधिक 1.76 लाख करोड़ रुपये की राशि आरबीआई की ओर से केंद्र को लाभांश के तौर पर दी गई थी।

## ओबीसी सर्टिफिकेट को लेकर हाई कोर्ट के आदेश को नहीं मानूंगी : ममता



**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओबीसी आरक्षण पर कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने घोषणा कर दी है कि वह हाई कोर्ट के फैसले को नहीं मानेंगी। ममता ने कहा कि ओबीसी आरक्षण जारी है और जारी रहेगा। इसे इस तरह से रद्द नहीं किया जा सकता। उन्होंने इस फैसले को "भाजपा का फैसला" बताकर इसकी आलोचना भी की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने बुधवार को 2010 से राज्य के सभी ओबीसी प्रमाणपत्र रद्द कर दिए। संयोग से, तृणमूल 2011 से राज्य में सत्ता में आई है। परिणामस्वरूप, अदालत का आदेश केवल तृणमूल के जमाने में जारी ओबीसी प्रमाण पत्र पर प्रभावी होगा। इस फैसले के बाद बुधवार को दमदम के पानीहाटी में एक सार्वजनिक सभा में ममता ने कहा, "मैं एक न्यायाधीश के रूप में सज्जन व्यक्ति का सम्मान करती हूं।" लेकिन वह कई चीजों के लिए मशहूर हैं। प्रधानमंत्री कई दिनों से कह रहे हैं कि आरक्षण छीन लेंगे। क्या ऐसा कभी होता है ? ऐसे में संविधान को भंग कर देना चाहिए। यह नहीं हो सकता। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं करती। उन्होंने 26 हजार नौकरियां रद्द कर दीं, तब भी मैंने उस फैसले को नहीं माना। बुधवार को आया फैसला भाजपा का फैसला है। हम सहमत नहीं हैं। ओबीसी आरक्षण जारी है, जारी रहेगा।

ममता के मुताबिक भाजपा असल में इस फैसले के जरिए मुस्लिमों का आरक्षण रद्द करने की कोशिश कर रही है।

## दिल्ली में टूटा 15 साल का रिकॉर्ड, मई में ही पीक डिमांड 7 हजार के पार

**नई दिल्ली**

दिल्ली ने मई में ही बिजली खपत के मामले में अपने 15 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। यहां बिजली की मांग सात हजार मेगावॉट के पार पहुंच गई है। बिजली मंत्री आतिशी ने बताया कि इस समय दिल्ली भीषण गर्म हवाओं का सामना कर रही है। इस वजह से 21 मई को बिजली की डिमांड 7717 मेगावॉट



तक पहुंच गई थी। भीषण गर्मी और भारी मांग के बावजूद दिल्ली में विद्युत आपूर्ति में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है और कहीं पर भी पावर कट नहीं लग रहे हैं। उन्होंने बताया कि अक्सर जुलाई-अगस्त में उमस भरी गर्मी के चलते बिजली की खपत बढ़ जाती है, लेकिन इस बार मई में ही काफी मांग बढ़ गई है। ऐसे में अनुमान है कि जुलाई-अगस्त में बिजली की मांग आठ हजार मेगावॉट तक पहुंच सकती है और इसके लिए दिल्ली सरकार अभी से तैयार है।

## भारत में इलाज कराने आए बांग्लादेश के सांसद की हत्या

**कोलकाता**

**भारत** में इलाज कराने के लिए आए बांग्लादेश के एक सांसद अनवरुल अजीम की कोलकाता में हत्या हो गई। बताया गया है कि वे 11 मई को इलाज कराने पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। इसके बाद वे अचानक ही गायब हो गए। उनकी आखिरी ज्ञात लोकेशन कोलकाता के राजरहाट में स्थित संजीवा गार्डन्स थी। पुलिस ने इस मामले में शिकायत मिलने के बाद गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। हालांकि, बुधवार को बांग्लादेश के गृह मंत्री असद्दुजमां खान ने एलान किया कि अजीम की हत्या हुई है। इस मामले में बांग्लादेश पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आवामी लीग के सांसद अजमी अंसार, जो कि भारत में लापता हो गए थे, उनकी कोलकाता में एक फ्लैट में हत्या हो गई। अब तक यह सामने आया है कि उनके हत्यारे बांग्लादेशी हैं।

## भाजपा ने केजरीवाल को फंसाने के लिए स्वाति का इस्तेमाल किया: आतिशी

### भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा में यमुना के पानी को रोका जा रहा है। चुनाव से पहले दिल्ली वालों को परेशान और सरकार को बदनाम करने के लिए हरियाणा दिल्ली का पानी रोकने में लगा है: आतिशी

**नई दिल्ली**

**राजधानी** दिल्ली में जैसे-जैसे मतदान की तारीख नजदीक आ रही है वैसे-वैसे राजनीतिक सरगर्मियां तेज होती जा रही हैं।



दिल्ली की मंत्री आतिशी ने दावा किया कि भाजपा दिल्ली में लोकसभा चुनाव से पहले नई साजिश रच रही है। आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा ने केजरीवाल को फंसाने के लिए स्वाति मालीवाल का इस्तेमाल किया। उन्होंने भाजपा पर बड़ा आरोप लगाते हुए कहा कि हरियाणा में यमुना के पानी को रोका जा रहा है। चुनाव से पहले दिल्ली वालों को परेशान और सरकार को बदनाम करने के लिए हरियाणा दिल्ली का पानी रोकने में लगा है। दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने कहा, '25 मई को (दिल्ली में) वोटिंग से पहले भाजपा ने आप को निशाना बनाने और दिल्ली की जनता को परेशान करने की नई साजिश रची है। इसी साजिश के तहत भाजपा अपनी हरियाणा सरकार के जरिए यमुना का पानी रोक रही है। जिससे दिल्ली के लोगों को परेशान करने और यहां जल संकट पैदा करने के लिए ऐसा किया जा रहा है।' आतिशी ने कहा कि भाजपा ने हरियाणा सरकार के माध्यम से दिल्ली के पानी को रोक लिया है। दिल्ली में आ रही यमुना की वाटर सप्लाई को रोक दी है। पिछले कुछ दिनों से पानी की कमी की शिकायतें आ रही हैं। ऐसी जगहों से भी समस्या आई, जहां पानी की प्रॉब्लम कभी नहीं रही। वजीराबाद में 675 फुट पानी होता है। जब कम होता है, तो 672 फुट तक चला जाता है। मगर 11 मई से 21 मई तक हरियाणा दिल्ली का पानी रोक रहा है। 11 मई को 671 फुट था। ये तीन दिन तक बना रहा। 21 मई को पानी घटकर 671 फुट के नीचे आ गया।

उन्होंने आगे कहा कि 25 मई की वोटिंग से पहले भाजपा नया षडयंत्र रच रही है। पानी की त्राहि-त्राहि मचाने का षडयंत्र रच रही है। हम दिल्ली के लोगों को सतर्क करना चाहते हैं कि आने वाले कुछ दिनों में 25 मई तक लगाकार नई साजिश की जाएगी। वोटर्स को बरगलाया जाएगा। अब भाजपा जितनी भी साजिश कर लो, दिल्ली वालों को बेवकूफ नहीं बना सकते। आप मंत्री ने कहा कि इस साजिश से निपटने के लिए हमने तैयारियां शुरू कर दी हैं। दिल्ली जल बोर्ड को इसके लिए निर्देश दे दिया गये हैं। पानी के टैंकरों की संख्या बढ़ाने को कह दिया गया है और बोरवेल के चलने का समय भी बढ़ा दिया गया है।

# संदिग्ध दशा में घायल युवक की इलाज के दौरान हुई मौत घर में मचा कोहराम

## महिला सोनी बेगम की तहरीर पर जांच पड़ताल में जुटी मेजा पुलिस शव पीएम के लिए भेजा

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** घर से बुलाकर ले गए एक युवक को कथित आरोपियों द्वारा संदिग्ध परिस्थितियों में घायल होने मामले में अस्पताल भर्ती युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली घर में जहां कोहराम मच गया वहीं मेजा पुलिस के हांथ पांव फूल गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के पट्टी नाथ ( तकिया ) गांव निवासी सोनी बेगम ने बुधवार को मेजा पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि उसके गांव का ही नौशाद अली पुत्र इरशाद अली बीते 14 मई को उसके घर गया और कोई इमरजेंसी बताकर उसके पति सैनुद्दिन उर्फ सैनू से बाइक मांगा जिस पर महिला के पति ने बाइक देने से मना कर दिया था। महिला की बातों को सच माना जाय तो नौशाद के काफी कहने पर उसके पति बाइक दे दिया तो नौशाद उसके पति को भी साथ चलने का दबाव डालने लगा। जिस पर सैनु मना किया लेकिन नौशाद नहीं माना और सैनु की ही बाइक पर उसे बैठकर कहीं ले गया जहां 4 बजे शायं महिला को नौशाद फोन कर बताया कि उसके पति सड़क हादसा में घायल हो गए हैं आनन फानन में महिला व उसके परिजन सड़क हादसा वाले स्थान पर पहुंचे तो पता चला की यहां कोई हादसा नहीं हुआ है। ऐसे महिला व उसके काफी परेशान हुए और पूरा मामला नौशाद से जानने की कोशिश करते रहे लेकिन नौशाद कुछ बताने से कन्नी काटता रहा। इधर महिला अपने पति को इलाज हेतु एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया था जहां इलाज के दौरान बुधवार को उसके पति की मौत हो गई। हालांकि मामले में हकीकत क्या है अभी भी संदिग्ध बना हुआ है फिलहाल मेजा पुलिस महिला की तहरीर पर जांच पड़ताल जारी करते हुए शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## बेलन नहर में डूबने से हुई दो छात्रों की मौत

**पसना।** कोरांव थाना अन्तर्गत पसना गांव के रहने वाले रामकैलाश कोल का पुत्र रईस उम्र 12वर्ष व रामबहादुर कोरी का 13वर्षीय पुत्र रविशंकर कल दोपहर बाद घर से घूमने निकले थे,लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं आए। परिजनों ने आस पड़ोस में खोज बीन किया लेकिन बच्चों का कोई पता नहीं चला।आज सुबह ग्रामीणों ने पसना गांव में बेलन नहर में बहती हुई लाश को बाहर निकाला तो उसकी पहचान रईस पुत्र रामकैलास कोल निवासी पसना के रूप में हुई। दूसरे छात्र रविशंकर पुत्र रामबहादुर की लाश नहर में बहते हुए दुघरा माइनर में जाकर फंस गई। सुबह सींकी गांव के ग्रामीणों ने लाश देखने पर मेजा पुलिस को सूचना दिया। मौके पर मेजा थाने की पुलिस पहुंच कर शव को थाने ले गई। दोनों शवों को पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही हेतु मोर्चरी भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया बच्चों की मौत पानी में डूबने से हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का सही पता चल पाएगा



## राजा की कोठी पर आज होगी डिप्टी सीएम की सभा

**बारा।** 23 मई को प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शंकरगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं। इलाहाबाद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित यह जनसभा राजा शंकरगढ़ महेंद्र प्रताप सिंह की कोठी पर पूर्वाह्न 11 बजे से होगी। बारा विधायक डा. वाचस्पति ने बताया कि जनसभा में राजा शंकरगढ़ महेंद्र प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बारा विधानसभा क्षेत्र की जनता से जनसभा को सफल बनाने की अपील की है। डिप्टी सीएम का हेलीकाप्टर राजा कमलाकर इंटर कालेज प्रांगण में लैंड होगा। यहां से कार द्वारा केशवप्रसाद मौर्य जनसभा स्थल तक पहचेंगे। बताते चलें कि बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने मंच साझा किया था।

# इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में उज्जवल रमण करेंगे यमुनापार का विकास : समाजसेवी हरिशंकर शर्मा

**मेजा।** ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कठौली एवं समाजसेवी हरिशंकर शर्मा ( पप्पू भैजा जी ) ने बीते मंगलवार को गांव में ही चौपाल लगाकर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को हांथ के पंजे की बटन दबाकर जिताने की अपील किया और कहा कि इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में उज्जवल रमण ही सम्पूर्ण यमुनापार का विकास करेंगे।

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में आयोजित चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने क्षेत्र के जमीनी नेता एवं यमुनापार के गांधी के नाम से देश की राजनीति में सुर्खियां बटोरने वाले कुंवर रेवती रमण सिंह द्वारा क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि आज लोकतंत्र के इस महापर्व में क्षेत्र के विकास पुरुष के बेटे उज्जवल रमण सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। ऐसे में प्रयागराज ही नहीं सम्पूर्ण यमुनापार के लोगों की आन बान शान एवं स्वाभिमान का सवाल है जिसे इस क्षेत्र की जनता किसी भी कीमत पर हासिल करके रहेगी। श्री शर्मा ने आगे कहा कि पूरे संसदीय क्षेत्र में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह की बढ़ती लोकप्रियता से विपक्षी बौखला गए हैं और झूठ के सहारे क्षेत्र की जनता को गुमराह कर वोट मांग रहे। उन्होंने कहा कि जनता जागरूक हो चुकी है और अपने जमीनी नेता का चयन भी कर चुकी है अब भाजपा के लोगों के फरेब में आने वाली नहीं है। गौरतलब है कि वरिष्ठ समाजसेवी पप्पू भैया जी ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को यह बताया कि भाजपा शासन में रेलवे के अधिकारियों द्वारा कठौली रेलवे फाटक को बंद करा दिया गया लोगों को आने जाने में भारी कठिनाइयां होने लगी जिसकी जानकारी ग्रामीणों के धरना प्रदर्शन के जरिए कुंवर साहब को हुई। उन्हीं की पहल से आज अंडर पासिंग पुलिया प्रस्तावित हुई है। इतना ही नहीं श्री शर्मा ने यह भी बताया कि कठौली गांव में जल जीवन मिशन के तहत चार करोड़ की लागत का प्रोजेक्ट की देन भी विकास पुरुष कुंवर रेवती रमण सिंह की है।

उन्होंने चौपाल में आए हुए ग्रामीणों का आह्वान करते हुए आगामी 25 मई को मंहगाई बेरोजगारी और संविधान बचाने के लिए गठबंधन प्रत्याशी उज्जवल रमण सिंह को हांथ के पंजे के सामने की बटन दबाकर भारी मतों से विजई बनाने की अपील करते हुए कहा इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में उज्जवल रमण सिंह ही यमुनापार क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेंगे। इस मौके पर राजन शर्मा बबलू शर्मा कमाता सोनकर दीपू शर्मा विनोद शर्मा तथा गुड्डू शर्मा आदि के अलावा सैकड़ों ग्रामीण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का विधानसभा करछना में जोरदार स्वागत



**करछना।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मा. श्याम लाल पाल जी का यमुनापार के विधानसभा क्षेत्र करछना में जोरदार स्वागत किया गया। करछना विधानसभा क्षेत्र के संडवा पुलिस चौकी चौराहे पर समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष नीरेंद्र सिंह यादव, नगर निगम पार्षद प्रेम शंकर यादव, वरिष्ठ सपा नेता शिव प्रसाद यादव, लालचंद यादव, रामसेन यादव के साथ जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, राकेश यादव एडवोकेट, महेंद्र सरोज, प्रदीप निषाद आदि की अगुवाई में पुष्प वर्षा एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। रामपुर चौराहे पर सैकड़ो कार्यकताओं ने विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू, जिला कोषाध्यक्ष केशव प्रसाद विश्वकर्मा, कन्हैया लाल पाल, राजू पाल, भोला पाल, अखिलेश पटेल, प्रकाश विश्वकर्मा, धुरपति कोल, डॉ विजय यादव, डॉ गुलाम मुस्तफा, डॉ अफजल सिद्दीकी आदि कार्यकताओं ने अखिलेश यादव जिन्दाबाद, समाजवादी पार्टी जिन्दाबाद, नेता जी अमर रहे, रेवती रमण सिंह जिन्दाबाद, उज्जवल रमण सिंह जिन्दाबाद के नारे के साथ मुंह मिठाकर स्वागत कर कारवां आगे बढ़ता गया। मुंगारी चौराहे पर बाबा यादव, संदीप विश्वकर्मा, बड़कऊ यादव, नेब्बूलाल, श्याम जी, बीरचंद, राजेंद्र यादव तथा पचदेवरा में राजू पासी, महेंद्र यादव, पुष्पराज, लाल जी पाल, भोगाई सिंह यादव, नसीम अंसारी पूर्व प्रधान, रिजवान अहमद, शेर अली, महमूद गांधी, गुलाम रसूल सहित सपा कार्यकताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। ग्राम गंधियाव में छात्रसभा के जिलाध्यक्ष मोहित यादव, बासदेव यादव, सनी, श्यामाचरण, श्रीपति पाल, घनश्याम यादव पूर्व प्रधान, शीतला प्रसाद, अरुण यादव तथा मदार्पुर स्थित प्रकाश अस्पताल में जिला पंचायत डॉ विजय बाबू ने चांदी का मुकुट पहनाकर तथा कन्हैया लाल यादव ने गदा भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर राजकुमार यादव, मंगला प्रसाद पाल, राजेश्वर पाण्डेय, छोटेलाल शर्मा, लल्लन यादव, मोहन लाल यादव , राजकरन यादव, उमेश यादव, कमलेश पुष्कर, मुखिया यादव, लाल बहादुर पाल एवं कई प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य शामिल रहे।

## अरैल क्षेत्र में एक हफ्ते से पानी के लिए तरस रहे हैं ग्रामीण

**नैनी।** नैनी अरैल क्षेत्र में एक हफ्ते से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं सच्चा बाबा नगर मुखिया नगर कर्बला मुरादपुर शिवनगर नंदन तालाब सोमेश्वर नाथ निषाद बस्ती प्रज्ञा वाली टोला आदि जगहों पर एक हफ्ते से पानी के लिए ग्रामीणों में हाहा कार मचा हुआ है। एक-एक बूंद पानी के लिए ग्रामीण तरस रहे हैं। जबकि इतनी भीषण गर्मी में पानी की आवश्यकता होती है लेकिन जल निगम के कर्मचारियों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है इतनी भीषण गर्मी में कर्मचारियों को नींद में सो रहे हैं संजय श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा तत्काल पानी की समस्या को दूर किया जाए जिससे ग्रामीणों में राहत की सांस ले आए दिन कोई न कोई बहन बनाकर ऑपरेटर कर्मचारी परेशान करते हैं। पानी को लेकर जिससे जनता इतनी भीषण गर्मी में परेशान है। अधिकारी ध्यान दें नहीं तो मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत की जाएगी।

# मोदी शाह और घंटा बजाने वाले लोग देश को खा जाएंगे : श्यामलाल पाल

## सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कोरांव में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार के समर्थन में की जनसभा




**कोरांव।** मोदी शाह और घंटा बजाने वाले लोग देश को खा जाएंगे। जब तक जातीय जनगणना नहीं होगी तब तक संख्या बल की हिस्सेदारी नहीं मिलेगी। यह बातें समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने विधानसभा कोरांव के भागीरथी गार्डन में इंडिया गठबंधन कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार कुंवर उज्जवल रमण सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने आगे कहा कि 2014 में अच्छे दिन की नफरत में जाति व धर्म के आधार पर खंड-खंड में विभाजित कर सत्ता तो हथिया ली लेकिन किसानों की आय दो गुनी, 2 लाख युवाओं को रोजगार के वादे से पूरी तरह भाजपा की सरकार मुकर गई। उन्होंने कहा कि आप सब की ताकत ने 90 के दशक में मंडल और कमंडल की लड़ाई में आपकी ताकत ने आपको 27 प्रतिशत आरक्षण दिलाने का काम किया था। आपको पुनः उस ताकत का एहसास कराते हुए देश में नफरत की राजनीति करने वाले लोगों की सरकार को उखाड़ फेंकना होगा तभी आप अपनी हिस्सेदारी पा सकेंगे। सपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनाएंगे तो प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को एक लाख रुपए सालाना, सरकार बनते ही पहले वर्ष में 30 लाख युवाओं को नौकरी व देश के संपूर्ण किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। उन्होंने मोदी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि 16 लाख हजार करोड़ रुपए चुनिंदा लोगों का कर्ज माफ किया लेकिन देश के किसान कर्ज के बोझ से आत्महत्या करने को मजबूर हैं। जनसभा को प्रमुख रूप से समाजवादी पार्टी के मेजा विधायक संदीप पटेल, यमुनापार जिले के जिलाध्यक्ष पप्पू लाल निषाद, रामदेव निडर, विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य सोमदत्त सिंह पटेल, रविंद्र जैसल, ललन सिंह पटेल, प्रमोद मिश्र पयासी, पवन सिंघाल पटेल, शिवदानी पाल, पवन सोनकर, आदि वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता लालजी पाल निराला तथा संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य रोहिणी पाल ने किया।

# चलती बस में लगी आग बाल बाल बचे यात्री



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** प्रयागराज गोरखपुर राजमार्ग स्थित कोतवाली फूलपुर अंतर्गत नरई पुलिया के पास बुद्धवार सायंकाल लगभग 5 बजे चलती बस में आग लग गई जिसमें सवार सभी यात्री चालक समेत बाल बाल बच गए। प्राइवेट बस यात्रियों को लेकर बादशाहपुर से प्रयागराज जा रही थी कि ईंधन टैंक के पास किसी चिंगारी से आग लग गई। बस जैसे ही नरई पुलिया के पास पहुंची वहां पर मौजूद बजरंग दल के जिला संयोजक पवन कुमार पांडे की नजर पड़ी और वह चालक को आवाज देकर बस को रूकवाए तथा चालक सड़क के किनारे बस को रोका और सारे यात्री सुरक्षित बस के बाहर आ गए तथा चालक यात्रियों के सहयोग से आग पर काबू पाया जिससे चालक सहित सभी यात्री बगैर हताहत हुए बाल बाल बच गए।

# ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन पंकज शुक्ल महाराज ने दिया परिजनों को आशीर्वाद

## कठौली की श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन महाप्रसाद व महाभंडारा में श्रोताओं का उमड़ा जनसैलाब

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** विकास खंड उरुवा के कठौली गांव में मुख्य यजमान मूरत नारायण शर्मा श्री नारायण शर्मा व श्रीमती नयन कुमारी शर्मा के नेतृत्व मेंआयोजित 7 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के शायं 4 बजे आठवें दिन महाप्रसाद व महाभंडारा दिन मुख्य कथा वाचक पंडित पंकज शुक्ल जी महाराज वृंदावन धाम व सहित्याचार पंडित अरुण कुमार तिवारी द्वारा भागवत कथा आयोजक एवं परिजनों को आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान कुलगुरू पंडित ओम तिवारी भी कथा में मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी वरिष्ठ साइंटिस्ट अमेरिका डा राजेश शर्मा व विनोद शर्मा ने देते हुए बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुरू होने के बाद शायं समापन के अवसर पर में बड़ी संख्या में उपस्थित गांव एवं अगल बगल गांव के श्रोतागण महाराज के श्री बचनों से आशीर्वाद लिया और काफी आनंदित हुए। महाप्रसाद वितरण का नजारा ऐसा रहा कि मानों कठौली गांव श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा वृंदावन हो गई है श्रोताओं का तांता लगा रहा। उहोंने यह भी बताया कि अनवरत 8 दिनों तक जारी रहने वाली इस भागवत कथा के मुख्य श्रोता डॉ अनिल शर्मा अश्वनी कुमार शर्मा सुनील कुमार शर्मा सुभाष शर्मा प्रमोद शर्मा ( लल्लू ) प्रशांत राय कौशल राय प्रखर राय विवेक राय सत्यम राय आदित्य शर्मा ईशान शर्मा हर्षित राय सतीश कुमार शर्मा ललित कुमार शर्मा वरिष्ठ पत्रकार विमल राय तथा अधिवक्ता धीरज शर्मा रहे। कथा का समापन आठवें दिन देर शाम हुआ। शर्मा बंधुओ ने बताया कि आठवें दिन की कथा महाप्रसाद एवं महाभंडारा में भारी संख्या में ग्रामीण व श्रोता गण प्रसाद ग्रहण किया और भंडारा में भागीदारी दिया। भागवत कथा के इस पावन अवसर पर शर्मा बंधुओं ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने तथा कथा का अनुशरण कर जीवन को सार्थक बनाने के लिए आभार प्रकट किया।

## प्रतापपुर विधानसभा के विकास हेतु विनोद बिंद को करें मतदान : करन सिंह



**जंघई।** लोकसभा चुनाव की तारीख जैसे जैसे निकट आ रही प्रत्याशी उनके समर्थक नेता पदाधिकारी, कार्यकताओं ने परिश्रम, जनसंपर्क तेज कर दिया है ।इसी क्रम में एनडीए गठबंधन भदोही प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद के समर्थन में पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा कैप्टन करन सिंह द्वारा सोरों, सिंधौरा, भोगवारा, छतौना, हीरामनपुर आदि गांवों में जनसंपर्क किया गया और चौपाल लगाकर उपस्थित लोगों से रुबरु हुए ।इस अवसर पर कैप्टन करन सिंह ने कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र से जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और सभी ने भरोसा दिलाया है कि एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद बिंद को ही अपना मत देंगे ।करन सिंह ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अनेक जन कल्याणकारी योजना चलाई है लोगों के जीवन स्तर को सुधारा है ।विभिन्न गांवों में भ्रमण के दौरान करन सिंह ने 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में क्षेत्र के विकास एवं केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के लिए एनडीए गठबंधन को अपना अमूल्य वोट देकर विजयी बनाने की अपील किया है ताकि डॉ विनोद बिंद से प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक सर्वांगीण चहुंमुखी विकास कराया जा सके।

# मेजा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन किया गया जनसंपर्क



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में चार सौ पार सीटों को लेकर चुनावी मुहिम पर निकले भाजपा कार्यकर्ता। पीएम नरेंद्र मोदी का संकल्प में भागीदारी निभाने के लिए ओम प्रकाश विश्वकर्मा जिला कोषाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा प्रयागराज और विनोद कुमार विश्वकर्मा मण्डल अध्यक्ष सिरसा भारतीय जनता पार्टी पिमो व सुरेश चन्द्र सिंह प्रभारी भाजपा पिछड़ा मोर्चा मेजा के नेतृत्व में प्रचार अभियान में सहयोगियों के साथ जुटे रहे। लोकसभा के चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही हैं भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के समर्थन मे आप जनता का रुझान एवं कमल खिलाने कवायद तेज होती जा रही हैं। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उमड़ती भारी भरकम भीड़ देखने को मिल रहा हैं। जनसंपर्क में कहा गया कि भाजपा सर्व समाज के साथ आगे बढ़ रही हैं। राष्ट्र हित मे आप सब इलाहाबाद भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी को अपना मत देकर कमल खिलाकर मोदी जी के संकल्प को पूरा करे और देश के विकास में अपना सहयोग करे। भाजपा कार्यकताओं के साथ सिरसा, बकचुंदा, गोशौरा कला, मटिहि, गोनौरा, बजहा, रामनगर, चिलबिला, छतवा, खानपुर, दमिलहवा, सिटकी, बरी, बिगहनी, निबैया, केवटहिया, जनसंपर्क में मुख्य रूप से दिलीप सिंह, विजय सिंह, फक्कड़ी सिंह, राम मिलन गुप्ता, अंजनी मिश्रा, श्रीमती सीता पटेल, श्रीमती बिंदु प्रजापति, महेश प्रजापति, धनज्जय प्रजापति, अनुपम गुप्ता,अजय विश्वकर्मा, अंगज पटेल, अमित सेठ, संजय बिन्द, रोहित पटेल, ताकेश्वर शर्मा, रोहित शर्मा, संतोष बिन्द, लाल चन्द्र बाँध, रमेश विश्वकर्मा, जंगी लाल पटेल, राम बहादुर पटेल आदि लोग जनसंपर्क में उपस्थित रहे।

# जयंती पर याद किए गए समाज सुधारक राजा राममोहन राय

**सहसों।** क्षेत्र के रामनगर स्थित आदर्श शिक्षा सेवा समिति द्वारा सैंट जार्ज स्कूल में महान समाज सुधारक पुनर्जागरण के पूरोधा राजा राम मोहन राय को याद करते उनकी जयंती मनाई गई। इस अवसर पर समिति के प्रबंधक शिवा कान्त पांडे सहित अन्य लोगों ने राजा राम मोहन राय के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। प्रबंधक ने कहा समाज में व्याप्त सती प्रथा, बाल विवाह, पर्दा प्रथा जैसी कुरीति को समाज से दूर करने के लिए उन्होंने आजीवन संघर्ष किया और समाज से कुरीतियों को दूर किया। ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राम मोहन राय आधुनिक भारतीय समाज के जनक कहे जाते थे। उन्होंने कहा आधुनिक युग में भी ऐसे ही समाज सुधारक की आवश्यकता है। ताकि समाज में व्याप्त कुप्रथा का अंत किया जा सके। संस्कार तथा अनुशासन को भावी पीढ़ी में समावेश कराकर एक अच्छे समाज एवं राष्ट्र का निर्माण हो सके। इस अवसर पर प्रिया शुक्ला, विधि पांडे, मधुबाला त्रिपाठी, पिंकी पांडे, राहुल गुप्ता, अंकित गुप्ता, आर्यन विश्वकर्मा, गौरव कुशवाहा सहित आदि लोग उपस्थित रहे।

## जहरीला जन्तु काटने से महिला की हालत गंभीर

**मऊआइमा।** भूसा निकालने गई महिला को जहरीला ने काट लिया जिस से महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। मऊआइमा क्षेत्र के बादीपुर निवासी रामनरेश की पत्नी रेखा 38 वर्ष कमरे में से भूषा निकालने गयी थी ।बताया गया है कि किसी जहरीले जन्तु ने महिला को दंश लिय हालत बिगड़ने पर महिला को प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है ।जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

# अबकी बार 400 पार सीटों पर जीत सुनिश्चित : डॉ पूनम पटेल



**जंघई।** भारतीय जनता पार्टी की नेता एवं जंघई मंडल प्रभारी डॉ पूनम सिंह पटेल के नेतृत्व में मंगलवार को जंघई मंडल के अनुवां गांव सहित विभिन्न गांवों में बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, मंडल मंत्री के साथ मिलकर घर घर जाकर पर्ची वितरण किया। पूनम सिंह पटेल ने जनसंपर्क करके भदोही लोकसभा क्षेत्र से एनडीए गठबंधन प्रत्याशी डॉ विनोद कुमार बिंद को मतदान करने की अपील किया और केंद्र एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई, कहा कि प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए जातिगत भेद-भाव से उपर उठकर राष्ट्र धर्म सर्वोपरि मानकर देश के मान सम्मान हेतु पुनः नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदान करने की अपील किया।इस अवसर पर मनोज श्रीवास्तव, आशुतोष पांडेय, गामा पांडेय, श्रीशचंद्र दुबे, विवेक मिश्र, सियाराम गुप्ता सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# हाईटेंशन करंट लगने से मनरेगा मजदूर की हुई दर्दनाक मौत

## बहरिया के राजेपुर गांव की घटना, ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** बहरिया थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव में लटके हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना सुबह की है । वह पैदल मनरेगा से काम करके लौट रहा था कंधे पर लोहे की रॉड भी रखा था । इसी दौरान हाई वोल्टेज तार की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया और घटनास्थल पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। फूलपुर के बहरिया थाना के राजेपुर गांव का रहने वाले संजय पुत्र मोतीलाल उम्र 35 सुबह मनरेगा से काम कर घर लौट रहे थे वह कंधे पर लोहे का रॉड भी रखे थे ।11 हजार वोल्ट के ढीले तार की चपेट में आने से बुरी तरह से झुलस कर जमीन पर गिर गए। उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर बेटा शनि 18 वर्ष , पुत्री सुनैना और पत्नी रेखा दहाड़े मार कर रोने लगी । गांव में चीख-पुकार मच गई। घटना को लेकर गांववालों में गुस्सा है। उन्होंने बिजली निगम के अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार आने जाने वाले रास्ते पर पोल से कई जगह बिजली का तार लटक रहा है। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर केस दर्ज करने की मांग की एक साल से खतरा बने तार को कई बार सूचना देने के बाद भी टाइट नहीं कराया गया। लोगों ने जिम्मेदार अधिकारियों पर केस दर्ज करने की मांग की। सब इंस्पेक्टर मोहम्मद रईस अहमद पंचनामा भरकर संजय के शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मजदूर की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# रेलवे सुरक्षा बल ने राजधानी एक्सप्रेस से प्रयागराज स्टेशन पर भारी मात्रा में पकड़ी अंग्रेजी शराब की खेप

**प्रयागराज।** एएन सिन्हा, महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त/ रे.सु.ब. प्रयागराज के मार्गदर्शन में विजय प्रकाश पंडित, वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त/ रे.सु.ब., प्रयागराज के मार्गदर्शन में तथा शिव कुमार सिंह, पोस्ट कमाण्डर/ रे.सु.ब. पोस्ट प्रयागराज के कुशल नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट प्रयागराज द्वारा किये जा रहे सराहनीय कार्यों के क्रम में आपरेशन सतर्क के तहत दिनांक 22.05.2024 को गाड़ी सं0 12310 डाउन नई दिल्ली-राजेन्द्रनगर राजधानी से लावारिस हालत में पड़ी तीन ट्राली बैग से विभिन्न ब्रान्डों कीमत लगभग 55000/- रुपए की कुल 48 अंग्रेजी शराब की बोतल बरामद की गयी। बरामद शराब को श्री राजमणि प्रसाद, आबकारी निरीक्षक सेक्टर-1 प्रयागराज को अग्रिम कार्यवाही हेतु सुपुर्द किया गया।

# ओवैसी ने साधा निशाना : पेपरलीक होने से नौजवानों का भविष्य हो रहा चौपट, आरक्षण के नाम पर पीएम मोदी दे रहे धोखा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने प्रयागराज में पीएम मोदी पर निशाना साधा। ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री दलित और पिछड़ी जाति के लोगों को आरक्षण के नाम पर धोखा देने का कार्य कर रहे हैं। यूपी में नौजवानों के साथ अन्याय किया जा रहा है। यूपीपीएससी और सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक सरकार की नाकामी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को जवाब देना चाहिए कि पेपर लीक क्यों हो रहे हैं। पीएम मोदी अपनी सभा में महंगाई और बेरोजगारी के नाम पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। ओवैसी प्रतापगढ़ में पीडीएम प्रत्याशी के समर्थन में प्रतापगढ़ और प्रयागराज के मऊआइमा में पहुंचे थे।ओवैसी ने कहा कि भाजपा के लोग बौखलाकर पीडीएम को वोट कटवा बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा के साथ ही समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। कहा कि हर सीट पर पीडीएम टक्कर में है। अब तक के चुनाव प्रचार में काफी सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं।

### जिन फैक्ट्रियों में ताले लगे हैं उनके बारे में नहीं बोल रहे मोदी

ओवैसी ने कहा कि प्रधानमंत्री राम मंदिर में ताला लगाने का आरोप लगाकर विपक्ष को टारगेट कर रहे हैं, लेकिन पीएम को यह भी बताना चाहिए कि जिन फैक्ट्री और कारखानों में ताला लगा है उसके बारे में क्यों नहीं बोलते हैं। लॉकडाउन और नोटबंदी पर क्यों नहीं बोल रहे हैं। पीएम के पास दस साल में किए गए कार्यों को बताने के लिए कुछ नहीं है।

# रेलवे की विभागीय पदोन्नति परीक्षा निरस्त, जारी होगा नया शेड्यूल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ (आरआरसी) की सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) 2019 परीक्षा को निरस्त कर दिया गया है। परीक्षा निरस्त किए जाने का अभ्यर्थियों ने स्वागत किया है। उनका का कहना है कि पेपर लीक होने से यह परीक्षा और पहले ही निरस्त हो जानी चाहिए थी।जीडीसीई के तहत रेलवे में कार्यरत कर्मचारी अपनी पदोन्नति के लिए परीक्षा देते हैं। उत्तर मध्य रेलवे की बात करें तो वर्ष 2019 में जीडीसीई परीक्षा का विज्ञापन निकाला गया था। परीक्षा आरआरसी प्रयागराज को करवानी थी। 2021 में परीक्षा चार से छह अगस्त तक हुई। तब अभ्यर्थियों ने सीबीटी (कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट) दिया था। परीक्षा में काफी संख्या में अभ्यर्थियों ने 100 अंकों में से 95 से 99 नंबर तक प्राप्त किए। टूंडला में ऐसे अभ्यर्थियों की संख्या ज्यादा रही। पेपर लीक की शिकायत रेलवे बोर्ड तक पहुंची। रेल यूनियनों ने भी यह मामला उठाया। फिलहाल, अब जाकर आरआरसी प्रयागराज के अध्यक्ष ने परीक्षा निरस्त किए जाने का नोटिस जारी किया है। यह नोटिस आरआरसी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। उक्त परीक्षा में शामिल हो चुके तमाम अभ्यर्थियों का कहना है कि देर से ही सही आखिर हमें न्याय मिल गया। इस बारे में उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ हिमांशु शेखर उपाध्याय का कहना है कि परीक्षा की नई तिथि जल्द ही जारी की जाएगी।

# जंक्शन पर खुला प्रदेश का छठा रेल कोच रेस्टोरेंट मनपसंद व्यंजनों का ले सकेंगे आनंद

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** प्रयागराज जंक्शन पर प्रदेश का छठा रेल कोच रेस्टोरेंट मंगलवार को खुल गया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ मंगलवार की शाम को हुआ। पहले दिन ही रेल कोच रेस्टोरेंट को देखने के लिए काफी संख्या में शहरी पहुंचे। ट्रेनों को पकड़ने के लिए आए तमाम यात्री भी वहां रुके। इस दौरान रेल कोच रेस्टोरेंट के साथ काफी लोगों ने सेल्फी भी ली।रेल कोच रेस्टोरेंट प्रयागराज जंक्शन के सिविल लाइंस साइड स्थित होटल पोलो मैक्स के पास बनाया गया है। रेलवे के एक पुराने एसी टू कोच को अंदर से रेस्टोरेंट का लुक किया गया है। अभी यूपी में लखनऊ, बरेली, वाराणसी, झांसी, आगरा कैंट में ही रेल कोच रेस्टोरेंट हैं। अब प्रयागराज में भी इसका शुभारंभ हो गया है। आने वाले दिनों में गोरखपुर में भी रेल कोच रेस्टोरेंट का शुभारंभ होगा। रेल कोच रेस्टोरेंट का संचालन कृष्णा कैटरर्स नाम की फर्म कर रही है। यही फर्म झांसी रेलवे स्टेशन स्थित रेल कोच रेस्टोरेंट भी संचालित कर रही है। फर्म के संचालक पर्वत सिंह यादव ने बताया कि यहां कुल 56 लोग एक साथ बैठ सकते हैं। यह 24 घंटे खुला रहेगा। रेल कोच रेस्टोरेंट में सेल्फी प्वाइंट और रंगीन फव्वारे भी लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यहां सिर्फ शाकाहारी भोजन ही यात्रियों को उपलब्ध होगा। उद्घाटन के मौके पर पहुंचे अनुराग यादव ने बताया कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। अंदर बैठकर ऐसा लगा कि मानों महाराजा ट्रेन में सफर कर रहे हो। इलाहाबाद विश्व विद्यालय की छात्रा रश्मि शुक्ला, शिवानी ओझा ने कहा कि रेल कोच रेस्टोरेंट उन्हें काफी सुंदर लगा।

# पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी की सजा और जुमार्ने पर रोक



**प्रयागराज।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से आज बड़ी राहत मिली है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आय से अधिक सम्पत्ति मामले में उनकी जमानत मंजूर कर ली है और सजा पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने पूर्व मंत्री पर लोवर कोर्ट द्वारा लगाई 10 लाख रुपए जुमार्ना पर भी रोक लगा दी है। हालांकि राकेशधर त्रिपाठी अंतरिम बेल पर जेल से छूट गए थे। अब अदालत ने उन्हें बड़ी राहत दे दी।

**2013 को पूर्व मंत्री के खिलाफ दर्ज हुआ था केस :** मामले के तथ्यों के अनुसार 18 जून 2013 को पूर्व मंत्री राकेश धर त्रिपाठी के खिलाफ इलाहाबाद ( अब प्रयागराज ) के मुट्ठीगंज थाने में आय से अधिक संपत्ति मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आरोप लगाया गया था कि बसपा सरकार में मंत्री रहते उन्होंने ज्ञात आय से अधिक की संपत्ति अर्जित की थी। एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट प्रयागराज ने मामले में राकेश धर को दोषी मानते हुए तीन साल के कारावास और 10 लाख रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई थी। इसे याचिका में चुनौती दी गई थी। अधिवक्ता संतोष कुमार त्रिपाठी ने कहा कि राजनीतिक द्वेषवश उन्हें फंसाया गया था। हाईकोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। कोर्ट ने आज इस मामले में फैसला सुनाते हुए पूर्व मंत्री को राहत दी है।

# सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जिला कारागार एवं महिला संरक्षण गृह का किया औचक निरीक्षण

## बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को नियमानुसार बनवाये जाने के दिए निर्देश




**प्रयागराज।** सालसा सदस्य एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश गौतम द्वारा बुधवार को जिला कारागार प्रयागराज एवं महिला संरक्षण गृह का औचक निरीक्षण किया गया। साथ ही कारावास में निरूद्ध बंदियों से समस्याओं के सम्बंध में संवाद किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से बंदियों को मिल रहे खानपान के सम्बंध में कारागार के भोजनालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदियों को मिले भोजन में दाल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि बंदियों को मिल रही दाल गुणवत्ता में कमी पायी गयी। इस सम्बंध में अधीक्षक को निर्देश दिया गया कि वह बंदियों को मिलने वाले भोजन की गुणवत्ता को नियमानुसार बनवायें, जिससे बंदियों को भोजन के सम्बंध में असुविधा का सामना न करना पड़े।

### विधिक सहायता प्रतिरक्षा प्रणाली कार्यालय में पेयजल की असुविधा को देखते हुए करायी वॉटर कूलर की व्यवस्था



**प्रयागराज।** जनपद एवं सत्र न्यायालय प्रयागराज में स्थापित विधिक सहायता प्रतिरक्षा प्रणाली कार्यालय में पेयजल की असुविधा को देखते हुए कार्यालय में एक वॉटर कूलर की व्यवस्था बैंक ऑफ बड़ौदा के अनुदान के माध्यम से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागराज दिनेश गौतम द्वारा बुधवार को करायी गयी।

# ताला तोड़कर चोरों ने गोदाम से दर्जनों सिलेंडर उड़ाया

**झूंसी।** बजहा गांव स्थित गैस सिलेंडर गोदाम का ताला तोड़कर चोरों ने दर्जनों सिलेंडर उड़ा दिया। घटना की जानकारी होने पर मालिक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। झूंसी के त्रिवेणीपुरम के रहने वाले सुशील कुमार यादव ने बजहां में गैस सिलेंडर का गोदाम बनाया है। वहां उन्होने एक चौकीदार देखरेख के लिए रखा है। तबीयत खराब होने के कारण वह गोदाम पर नहीं गया। इसी दौरान चोर दीवार पार कर अंदर घुस गए और दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर रखा भरा और खाली सिलेंडर उठा ले गए। घटना की जानकारी होने पर अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

# नैनी बाजार में भाजपा प्रत्याशी के लिए महापौर ने किया जनसंपर्क



**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ शंकर ढाल पर पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल के निवास स्थान पर महापौर गणेश केसरवानी का भव्य स्वागत हुआ महापौर ने भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के लिए कार्यकर्ताओं से वातालर्प किया फिर वही से पार्षद राकेश जयसवाल ने महापौर के साथ में भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ में सब्जी मंडी गल्ला मंडी नैनी बाजार में जनसंपर्क करते हुए नैनी स्टेशन रोड तक जनसंपर्क हुआ महापौर ने सभी से बोले कि भाजपा को वोट दीजिएगा पार्षद व कार्यकर्ताओं ने नारा लगा रहे थे व्यापारियों ने ललकारे है नीरज त्रिपाठी हमारे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे जिसमें मुख्य रूप से पार्षद राकेश जयसवाल श्यामधर मिश्रा पार्षद मयंक यादव प्रदीप तिवारी राज सिंह पिंटू जैन दिनेश केसरवानी घनश्याम जायसवाल बृजेश सिंह धर्म राज पटेल भोला केसरवानी आकाश वर्मा शिव सिंह दिनेश सिंह नितिन खेड़ा लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार में देश का विकास होगा : गणेश केसरवानी



**नैनी।** नैनी के विभिन्न क्षेत्रों में महापौर गणेश केसरवानी ने किया जनसंपर्क भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी के लिए इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता के साथ पूरे क्षेत्र में जनसंपर्क महापौर गणेश केसरवानी के नेतृत्व में किया गया इस अवसर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा भारतीय जनता पार्टी के सरकार में देश का विकास होगा बाकी दल लॉलीपॉप देकर जनता को धोखा देने का कार्य कर रहे हैं इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा प्रयागराज संजय श्रीवास्तव वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव वरिष्ठ पार्षद राकेश जायसवाल भाजपा नेता राजेश तिवारी भाजपा नेता राजन शुक्ला भाजपा नेता प्रदीप तिवारी धर्मराज पटेल राज सिंह सुनील कुशवाहा नीरज शर्मा सुनील विश्वकर्मा उमेश सेन सुधीर काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# राष्ट्रीय महासचिव को मुख्य सचेतक बनाए जाने पर कार्यकताओं ने किया माल्यार्पण

अखंड भारत संदेश



**सोरांव।** इलाके के शिवगढ़ चौराहे पर बुधवार को समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज को पार्टी विधान मंडल दल के मुख्य सचेतक बनाए जाने की खुशी में सोरांव विधायक गीत पासी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किए। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य खिन्नी लाल पासी, समाजवादी पार्टी की वरिष्ठ नेता हाजी मोहम्मद इलियास खान, शिवप्रसाद सरोज विधानसभा अध्यक्ष बच्चा यादव ,अमृतलाल पाल, राजू पासी, भास्कर सरोज उर्फ राजिल सरोज, दूधनाथ पटेल, धनीराम सरोज, पंकज यादव, पीसी यादव, विनोद गौतम, सुशील यादव संग दर्जनों पदाधिकारी एवम् कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिला न्यायालय में शत प्रतिशत मतदान हेतु अधिवक्ताओं ने किया सघन संपर्क अभियान



**प्रयागराज।** जनपद न्यायालय प्रयागराज में बुधवार को लोक जागरण मंच प्रयागराज के तत्वावधान में आगामी 25 मई को होने वाले चुनाव में लोकमत परिष्कार राष्ट्रहित में मतदान करने एवं मत प्रतिशत बढ़ाने हेतु सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। शत प्रतिशत मतदान को लेकर चौरासी खम्भा से आरम्भ हुआ अभियान तहसील सदर के सामने बारह खम्भा न्यू बिल्डिंग के सामने मुख्तार खाना जिला बार एसोसिएशन के हाल एवं चैंबर रजिस्ट्री आफिस के बगल एवं पीछे स्थित स्थानों पर बृहद संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व उच्च न्यायालय में राज्य सरकार के अपर महाधिवक्ता वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक मेहता मुख्य स्थाई अधिवक्ता तृतीय मनोज कुमार सिंह एवं मुख्य स्थाई अधिवक्ता चतुर्थ शीतला प्रसाद गौड़ शीतल और अधिवक्ता श्रेणी प्रमुख डा अवधेश चन्द्र श्रीवास्तव ने किया। सभी अधिवक्ताओं से आगामी 25 मई को अपने अपने मतदेय स्थलों पर मौजूद रहकर राष्ट्रहित में मतदान करने और अधिक से अधिक मतदान कराने में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने की अपील की गई। इस मौके पर गया प्रसाद सिंह प्राणेश दत्त त्रिपाठी कृष्ण मोहन मिश्रा लेखराज सिंह हरिश्चन्द्र केसरी अखिलेश शर्मा हरिमोहन श्रीवास्तव आलोक शर्मा राजेश तिवारी काशी नाथ सिंह सन्तोष कुमार निगम कुलदीप सिंह चौहान प्रदीप सिंह सिसोदिया अभिषेक शुक्ला डा लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता बृजेश कुमार श्रीवास्तव शैलेन्द्र द्विवेदी गुरु शरण श्रीवास्तव चन्द्र प्रकाश यादव विजय यादव कृष्ण कान्त पाण्डेय वीरेन्द्र कुमार पाण्डेय शैलेन्द्र प्रताप सिंह वेदमणि त्रिपाठी अतुल सिंह चौहान सुरेन्द्र नाथ मिश्रा जितेन्द्र श्रीवास्तव पहल सिंह चौहान छोटे लाल चौधरी ज्ञान प्रकाश अस्थाना उत्पल निषाद भोलानाथ पाण्डेय अमिताभ दुबे जयराम पाण्डेय धर्मेन्द्र सिंह विजय पुरी धर्मेन्द्र शुक्ला विनय कुमार मिश्र अनिल तिवारी आचार्य राजेश त्रिपाठी राम प्रकाश सिंह भुवनेश्वर द्विवेदी विनय मिश्रा शैलेन्द्र श्रीवास्तव विपिन तिवारी राजेन्द्र सिंह राठौड़ धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ऊष्मा मिश्रा दिव्या ओझा शिखा दीक्षित श्वेता श्रीवास्तव आदि रहे।

# जनता के मान-सम्मान में नहीं आएगी कोई कमीः डा0 एसपी पटेल

## सपा प्रत्याशी ने कई विधान सभाओं में जनसम्पर्क कर मांगा समर्थन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉक्टर एसपी सिंह पटेल ने बुधवार को गठबंधन के कार्यकर्ताओं संग जिले के विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र के शिव मंदिर, गड़वारा में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। बताते चलें की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी व फतेहपुर से लोकसभा प्रत्याशी नरेश उत्तम पटेल अपना चुनाव संपन्न कराने के बाद आज अपने समर्थकों के साथ जनपद प्रतापगढ़ पहुंचे। उन्होंने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी शिवपाल सिंह पटेल से मुलाकात की।



सभा को सम्बोधित करतीं पूर्व एमएलसी कांति सिंह।

जिले में जनसंपर्क अभियान तथा बैठकों व लोगों से सामूहिक मुलाकात को लेकर जोश में सपा प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल दिखे। उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र की जनता के मान-सम्मान के लिए सदैव तत्पर हैं। इस मौके पर महेश सरोज, सुरेन्द्र यादव, विमलेश कुमार, ज्ञान प्रकाश वर्मा, विमलेश वर्मा, चंद्रशेखर पटेल, संदीप वर्मा, अक्षत वर्मा, अशोक धर दुबे (जिला पंचायत सदस्य), जीतेन्द्र बहादुर सिंह प्रधान, सतन सरोज, उदय गौतम, बाबूलाल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। पूर्व एमएलसी कांति सिंह ने जिले के रामपुर खास विधानसभा व विश्वनाथगंज विधानसभा के पहाड़पुर सरैया, रायपुर तियाई सहित अन्य क्षेत्रों में गठबंधन के कार्यकर्ताओं साथ सघन जनसंपर्क अभियान चला कर लोगों से गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ0 एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के विधान परिषद सदस्य के रूप में शिक्षा के क्षेत्र में दिये गये योगदान की सराहना करते हुए कहा कि डॉ एसपी सिंह पटेल को यदि आप सबका स्नेह आशीर्वाद मिलता है और वह संसद पहुंचते हैं तो हर व्यक्ति के मान सम्मान के साथ विकास को प्राथमिकता देंगे। इस मौके पर इन्द्रजीत सरोज (राष्ट्रीय महासचिव समाजवादी पार्टी), पट्टी विधायक रामसिंह पटेल, रानीगंज विधायक डॉ. आर. के. वर्मा आदि लोग मौजूद रहे। उधर इंडिया ब्लाक के सपा प्रत्याशी डॉ. शिवपाल सिंह पटेल कलेक्ट्रेट स्थित संकट मोचन पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इस दौरान ऑल इंडिया रूरल बार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा मीडिया प्रभारी, एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह गोपाल ने जनसत्ता दल का पटका पहना कर स्वागत किया। इस दौरान राम अचल वर्मा अध्यक्ष जनसत्ता दल, सपा नेता धर्मराज सिंह, रामकृष्ण मिश्र, अंजनी सिंह बाबा, हरीश शुक्ल तो वहीं कांग्रेस अध्यक्ष नीरज त्रिपाठी भी एसपी पटेल के साथ रहे मौजूद।

# सांसद उसे बनाएं जिसमें हो विकास की ललकः प्रथमेश

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बहुजन समाज पार्टी के प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के प्रत्याशी प्रथमेश मिश्र सेनानी ने कहा कि योग्य प्रत्याशी ही सांसद बनाएंगे तो तभी इस जिले का भला हो सकेगा। जिले का विकास होगा। मैं इस जिले का हूं, जिले की समस्याओं को जानता हूं। यहां की संस्कृति, बोली भाषा मुझे प्यारी है। मुझे यहां से अपनत्व है। मैं जीतने के बाद सेवा में लगा रहूंगा।

सिलौधी समेत विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क करते हुए करते हुए उन्होंने कहा कि आप पार्टी से अधिक प्रत्याशी की योग्यता को देखिए। अगर वह पढ़ा लिखा तथा योग्य होगा और उसके अंदर संवेदना होगी तो वह आपकी समस्याओं के समाधान के लिए मजबूती से संसद में आवाज उठाएगा। नहीं तो अपने कमाने-खाने में लगा रहेगा, जैसा कि वर्तमान में यहां हो रहा है। सपा प्रत्याशी हरदोई से आए हैं, जो नफरत फैलाते हैं। वह समीकरण के भरोसे हैं, कहते हैं कि हमको किसी के समर्थन की जरूरत ही नहीं है। जब अभी उनका यह हाल है तो बाद में वह आपसे कैसा व्यवहार करेंगे, इसे आप समझ सकते हैं। दूसरे भाजपा प्रत्याशी हैं, जिनको आपके दुख-दर्द से कोई मतलब नहीं है।


लोगों से मुलाकात करते बसपा प्रत्याशी प्रथमेश मिश्रा।

इस दौरान प्रथमेश मिश्रा ने कई जगह नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। विभिन्न मांगलिक कार्यक्रमों में शामिल हुए व लोगों का सुख-दुख पूछा। सांसद बनाने के लिए आशीर्वाद के रूप में उनका वोट का समर्थन मांगा। इनके अलावा प्रथमेश की मां सिंधुजा मिश्रा सेनानी ने अजगरा समेत कई स्थानों पर जनसंपर्क किया। लोगों से कहा कि बेटा चुनाव मैदान में है, अगर आप लोग उसे जिताते हैं, तो जनपद के विकास और मान सम्मान की जिम्मेदारी हमारे पूरे परिवार की होगी। प्रथमेश की पत्नी प्रीति मिश्रा सेनानी ने भी कई जगह भ्रमण किया। कहा कि योग्य युवा और पढ़े-लिखे प्रत्याशी के रूप में प्रथमेश मिश्रा का समर्थन इस जनपद में बदलाव का नया इतिहास लिखेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला अधेड़ का शव

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फांसी लगा ली सुबह परिजन अधेड़ का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखकर रोने पीटने लगे। यह सब देख पास पड़ोस के लोग मौके पर आए। और इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली इलाके के नारंगपुर बाजार के रहने वाले मोहम्मद इसराइल पुत्र वली मोहम्मद मंगलवार रात्रि का खाना पीना खाकर सब सोने लगे।बुधवार को सुबह जब परिजन जागे तो घर के अंदर छत में लगे चुले से रस्सी सहारे फांसी लगाकर अधेड़ ने जान दे दी। यह सब देख परिजन रोने पीटने लगे। वही हल्ला गुहार होने पर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच कर शव कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। वहीं मृतक के चार बेटी एक पुत्र है। इसराइल की मौत से उनकी पत्नी और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा है। फिलहाल परिजनों ने किसी प्रकार की कार्यवाही की मांग नही किया है। शव पीएम के लिए भेजा गया है।

## सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर भेजा पोस्टमार्टम हाउस

# मतदाताओं की साइलेंट वोटिंग राजनीति के पंडितो के लिए बनी चिंता का विषय

## पूर्व अनुमान लगाने वाले असमंजस में

अखंड भारत संदेश

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशाम्बी मे हुए लोकसभा चुनाव के बाद का आलम कुछ इस तरह से रहस्यमय बन गया है पूर्व अनुमान लगाने वाले राजनितिक पंडितो के समझ मे कुछ नही आ रहा है। चुनाव के बाद गांव के चैराहों से लेकर कस्बे की दुकानों तक अपने प्री पोल डिसीजन का लोहा मनवाने लोग आज खुद दूसरो से आंकड़ा पूछने को विवश हो रहे है।

20 मई को पांचवे चरण मे कौशाम्बी लोकसभा क्षेत्र मे वोटिंग हुयी जिसमे दो प्रमुख उम्मीदवारों के बीच तगडी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दो बार के सांसद और भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर जहाँ मोदी और योगी सरकार की नीतिओं उपलब्धियों को लेकर चुनाव मैदान मे थे और जीत की गारंटी दे रहे थे। वहीं इंडी गठबंधन के समाजवादी प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज भी सभी पार्टिओ के मतों और पासी विरादरी के बड़े वोट बैंक के साथ तथा जनसत्ता दल कार्यकर्ताओ के खुले सपोर्ट के दम पर अपनी विजय का डंका पीट रहे हैं। लेकिन वास्तविकता इससे अलग महसूस हो रही है। उसके पीछे ये बात निकल कर सामने आ रही है की किसी भी जाति का वोट किसी भी प्रत्याशी के पक्ष मे पुरी तरह नही जा पाया है। संख्या मे कम और प्रभाव मे ज्यादा क्षत्री विरादरी भी भाजपा और सपा के बीच बंटी है वहीं ब्राह्मण भी भाजपा और सपा के बीच बंटा है वो बात अलग है की इनके बंटवारे का अनुपात कम ज्यादा हो सकता है। सपा के परम्परागत वोट बैंक कहे जाने वाले यादव और मुसलमान मतों को छोड़कर हर जाति के मतों मे कमोवेश बंटवारा हुआ है। कही भाजपा के पक्ष तो कहीं सपा के पक्ष मे बाजी जाती दिखाई दे रही है।

फ्री राशन ने भी मतदाताओं के ध्रुवीकरण मे बड़ी भूमिका निभाया है गांव का गरीब मतदाता भाजपा के पक्ष मे इसके चलते ही उसका झुकाव हुआ है। बाबागंज और कुंडा विधामसभा हो राजा भैया के प्रभाव वाली विधानसभा है और इस पर उनकी पार्टी के ही विधायक भी है लेकिन राजा भैया का चुनाव से तटस्थ रहना भी असमंजस की हालात का बड़ा कारण कारण है, संवाददाता ने कुंडा और बाबागंज विधान सभा के कई लोगों का मन टटोला तो लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर ये बताया की अगर राजा भैया की पार्टी का प्रत्याशी का कैंडिडेट चुनाव लड़ता तो यहाँ से उसको ही सबसे ज्यादा वोट मिलता लेकिन राजा भैया द्वारा अपने समर्थको को स्वतंत्र कर देने के कारण उनके समर्थक भी दो धड़े मे बंट गये जिससे रहस्य और गहरा गया। हालांकि उनके बड़े समर्थकों द्वारा सपा का प्रचार किया गया लेकिन ब्राह्मणो का बड़ा तबका भाजपा के साथ चला गया। वहीं पासी, हरिजन, पटेल और मौर्या समाज मे बंटवारे की खबर राजनीतिक पंडितो के पूर्व अनुमान को धता बता गयी जिससे रहस्य और गहरा हो गया। भाजपा के लिए दो फैक्टर काफी परेशान करने वाले ये रहे भाजपा उम्मीदवार के प्रति लोगों मे नाराजगी और जनसत्ता दल का साथ न मिलना ये दोनो ही विषय चुनाव मे भाजपा के लिए चुनौती बने जिसके चलते यहाँ की लड़ाई और गहरा गयी। वैसे प्रभु श्रीराम का मंदिर इस बार भी भाजपा के लिए संजीवनी का काम कर सकता है। जिसके चलते अंत तक भाजपा के पक्ष मे मतदान हुआ लेकिन एक दूसरा पहलु ये भी रहा की सपा के कोर वोटर जो स्थानीय दबाव मे राजा भैया के साथ रहने को मजबूर रहते थे उनको खुल के खेलने का मौका मिल गया जो अंदर खाने से कुंडा और बाबागंज मे भाजपा को चुनौती देते नजर आ सकते है।

# अनियंत्रित कार खड्ड में पलटी, दो घायल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील मुख्यालय से प्रतापगढ़ जा रहे कार सवार अचानक सामने डंपर आ जाने की वजह से बचने के चक्कर में अनियंत्रित हो गई और खड्ड में पलट गई, जिसमें दो लोग सवार थे। दोनों घायलों को मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को 108 एंबुलेंस से जिला मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

कंधई थाना क्षेत्र के वीरमऊ एचपी गैस गोदाम के समीप रात करीब 11 बजे पट्टी की तरफ से कार सवार जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही डंपर से बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित हो गई। और खड्ड में पलट गई। कार में सवार राजन सरोज पुत्र शंकर सरोज बहुचर थाना लीलापुर व दीपक पुत्र शिवकुमार सरोज खरगपुर थाना बाघराय बताएं जा रहे हैं। किसी काम से पट्टी तहसील क्षेत्र में आए हुए थे। यहां से देर रात 11 बजे वह अपने कार से घर के लिए निकले थे। इसी बीच घटना के शिकार हो गए।

# गृह मंत्री की सभा स्थल का एडीजी, आईजी, डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण

## अखिलेश यादव की सभा जीआईसी में

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय इंटर कालेज में पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा के मुखिया अखिलेश यादव का भी आगमन आज 23 मई को होगा। इसके लिये राजकीय इंटर कालेज में मंच तैयार कर लिया गया है। अखिलेश यादव की सभा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिये प्रशासनिक अधिकारी सतर्क हैं क्योंकि प्रदेश के कुछ स्थानों पर सपा की सभा में भगदड़ व अन्य व्यवधान आए थे, इसको लेकर प्रशासन सतर्क है और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। बता दें कि अखिलेश यादव सपा प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह पटेल के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पट्टी तहसील के पास तरदहा में भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता के पक्ष में एक बड़ी चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। इसकी तैयारी का जायजा लेने के लिये प्रयागराज जोन के एडीजी भानु भास्कर, आईजी तथा जिलाधिकारी संजीव रंजन व पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया।


जनसभा स्थल का निरीक्षण करते एडीजी, आईजी व डीएम।

भारत सरकार के गृह मंत्री की सुरक्षा के पोख्ता इंतजाम का अधिकारियों ने पूछताछ की। बता दें कि प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभाएं कर चुके हैं, लेकिन अनुप्रिया पटेल व सांसद संगम लाल के जातिगत वक्तव्यों से भाजपा बैकफुट पर आ गई है। इसकी भरपाई केन्द्रीय गृह मंत्री कितनी कर पाएंगे, इस पर लोगों की नजर रहेगी।

## पूर्व मंत्री ने गृह मंत्री के आगमन की तैयारियों का लिया जायजा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** 23 मई को गृह मंत्री अमित शाह के पट्टी आगमन का प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह मोती सिंह ने पट्टी नगर तरदहा के समीप विशाल मैदान में चल रहे तैयारियो पर जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, राजा अर्जुन प्रताप सिंह, रमाकांत मिश्रा, अमित जायसवाल, लवी मिश्रा, सभासद प्रतिनिधि सजीवन सोनी, मनोज खंडेलवाल उर्फ मामा, विवेक सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्ध दादा जयराम का मना 102वां जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** वृद्धाश्रम महुली में निवासरत दादा जयराम को 102 वर्ष पूर्ण होने पर एलायंस क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य के नेतृत्व में बड़े धूमधाम से मनाया गया। दादा जयराम ने पांच किलो का केक काटकर अपना जन्मोत्सव मनाया। उन्होंने कहा कि मुझे इतना प्यार सम्मान मिला कि मेरी उम्र बढ़ गई है। दादा जयराम ने गीत भी गाकर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

आयोजन समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि आज दादा जयराम जी का 102 वर्ष पूर्ण हुए दादाजी ने 103 वर्ष में प्रवेश कर लिया। मैं दादा जी का आज जन्मदिन व अंगवस्त्र से सम्मान कर अपने को भाग्यशाली पा रहा हूं। इस अवसर पर वृद्धाश्रम के प्रबंधक अम्बिका प्रसाद ने सभी के प्रति आभार जताया। इस अवसर पर रेखा उमरवैश्य, आन्वी गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, पूनम गुप्ता, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, आदर्श कुमार, अंबिका प्रसाद, विवेक कुमार, अमित कुमार, धर्मेंद्र, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।


वृद्ध दादा जयराम का जन्मदिन मनाते क्लब के पदाधिकारी।

# रेलवे फाटक पर बोल्डर पड़ा रहने से फंस रहे छोटे वाहन

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां कालाकांकर रेलवे स्टेशन के पश्चिम छोर 35 सी रेलवे फाटक पर रेल पटरी बदलने के दौरान बड़े बड़े बोल्डर डाल दिये गये है जिससे छोटे तीन् पहिया के ऑटो रिक्शा ट्रैक के बीचो बीच निकलते समय फस जाते है बुधवार की दोपहर रेलवे ट्रैक पर तीन पहिया ऑटो माल लदा होने के कारण रेलवे ट्रैक के बीच मे बोल्डर गिट्टी के बीच फस गया संयोग अच्छा था कि कोई ट्रेन नही थी। रेलवे ट्रैक के बीच मे फसे वाहन को जेसीबी से धक्का देकर निकाला गया लगभग एक महीने से ऑटो रिक्शा चालक व दो पहिया के साईकिल सवार लोग परेशान हो रहे है और सारा गुस्सा रेल विभाग के अधिकारियो पर उतार रहे है। रेल विभाग की इस लापरवाही से 4 दिन पूर्व गेट मैन सुरजपाल को गिट्टी उछलकर आँख के ऊपर लग गई जिससे खून से लथपथ हो गया। रेल विभाग के ठेकेदार की इस लापरवाही से स्थानीय व्यापारियों के साथ राहगीर व छोटे वाहन चालकों मे आक्रोश दिखाई देने लगा है जो कोई उग्र रूप ले सकता है यदि रेल विभाग के जिम्मेदार पी डब्लू आई के अधिकारियो ने ध्यान नही दिया तो ग्रामीणों के आक्रोश का सामना किसी दिन करना पड़ सकता है। रेलवे फाटक से दिन भर में छोटे वाहन से लेकर बड़े वाहनों का बड़े पैमाने पर आना जाना लगा रहता है।


ट्रैक पर फंसे वाहन को निकालते लोग।

## क्षत्रियों का वोट बिगाड़, सकता है बीजेपी का खेल

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एनडीए के नेताओं के बिगड़े बोल से नाराज क्षत्रिय समाज का वोट बीजेपी के प्रत्याशियों के खेल को बिगाड़ सकता है। लोक सभा चुनाव में एनडीए के नेताओं की भाषा पर ध्यान दिया जाए तो वह सिर्फ क्षत्रिय बिरादरी पर ही आपत्ति जनक टिप्पणी करने पर उतारू है। इनके बिगड़े बोल से प्रतापगढ़-कौशांबी की सीट पर बीजेपी की साख फंसती हुई दिखाई दे रही है। प्रतापगढ़ से एनडीए लोक सभा प्रत्याशी संगम लाल हो या फिर कौशांबी से विनोद सोनकर इन दोनो प्रत्याशियों की क्षत्रियों के विरुद्ध बोलने की आदत सी बन गई है। यही नहीं अनुप्रिया पटेल के साथ ही राजभर की पार्टी के नेताओं द्वारा भी क्षत्रिय समाज पर अभद्र टिप्पणी की जा रही है। एनडीए के नेताओं के बिगड़े बोल क्षत्रियों को अन्य दल में मतदान करने को मजबूर कर रहे हैं। क्षेत्र के अरुण सिंह, प्रमोद सिंह, पवन सिंह, दुर्गा सिंह, वीरेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह, विनोद सिंह ने बात-चीत के दौरान बताया कि वह लोक सभा के चुनाव में बीजेपी को ही मतदान करते आए हैं।

# रूरल बार एसोसिएशन ने इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डा0 एसपी सिंह को दिया समर्थन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन की जिला मुख्यालय पर एक महत्वपर्ण बैठक हुई। बैठक में यह विचार विमर्श किया गया कि अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लेकर एसोसिएसन की लगातार मांग के बावजूद केन्द्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार संसद में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक नहीं ले रहे है। भारतीय जनता पार्टी के प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र से सांसद संगम लाल गुप्ता तथा कौशांम्बी संसदीय क्षेत्र से विनोद सोनकर ने अधिवक्ता सुरक्षा विधेयक की मांग संसद की किसी सत्र में नहीं रखा और न ही इसका समर्थन किया। इससे अधिवक्ताओं में भाजपा और उसके इन दोनों सांसदो को लेकर आक्रोश एवं खेद है। ऐसी स्थिति में आल इण्डिया रूरल बार एसोसिएसन की प्रतापगढ़. कार्य मन्त्रणा समिति यह निर्णय लेती है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में प्रतापगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से इण्डिया गठबन्धन के समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार डॉ0 एसपी0 सिंह पटेल को पूर्ण समर्थन दिया जाता है। एसोसिएसन डॉ0 एसपी0 सिंह पटेल के पक्ष में अधिवक्ताओं प्रबुद्ध वर्ग तथा आम मतदाताओं से सम्पर्क अभियान के तहत इन दोनों उम्मीदवारों को विजयी बनाएगा। उम्मीदवार डॉ0 एसपी0 सिंह पटेल द्वारा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम तथा अधिवक्ताओं को कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी बनाने के लिये की गई घोषणा का भी अधिवक्ता हित में स्वागत किया जाता है। इस महत्वपूर्ण बैठक का संयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल एवं अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष मुक्तेश्वर नाथ ओझा (मुक्कू) एवं संचालन जिला अध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। इस मौके पर सचिन्द्र सिंह, शक्ति सिंह, आशिफ सिद्दीकी, मनोज कुमार, शिवम सिंह, अमजद, सद्दाम, प्रणव त्रिपाठी, नरसिंह यादव, महेश कुमार शुक्ला आदि सैंकड़ो अधिवक्तागण उपस्थित रहे।


सपा प्रत्याशी डा0 एसपी पटेल को समर्थन देते अधिवक्तागण।

# घर में घुसे चोरों ने नगदी गहना बर्तन कपड़े सहित दस लाख का सामान किया पार

## मृतक सिपाही की विवाहिता बेटी का भी सोने चांदी का जेवर उठा ले गए चोर

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने शादी वाले घर को निशाना बनाया है, चोरों ने घर की छत का पाटन खोलकर सीढ़ी लगाकर घर के अंदर घुसे चोरों ने नगदी, गहना, बर्तन, कपड़े सहित लगभग दस लाख का सामान पार कर दिया,यही नहीं चोर घर के आंगन में रखा 4 बोरी गेहूं भी चुरा ले गए,सुबह घर के लोगो की नींद खुली तो हड़कंप मचा गया,सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की मामला मृतक सिपाही की विधवा पत्नी के घर का है जहां उसकी विवाहिता बेटी भी आई थी और विवाहिता बेटी का भी सोने चांदी का जेवर चोर उठा ले गए हैं जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद भरवारी के



रसूलपुर गिरसा के अमर बहादुर यूपी पुलिस के सिपाही थे,उनकी एक सड़क हादसे में मौत हो गई थी,उनकी पत्नी अपनी बेटियो के साथ घर पर रहती थी,उनकी छोटी बेटी की सगाई अभी हाल ही में हुई थी,वही एक बेटी की शादी मार्च में थी,वह बेटी भी आई हुई थी, छोटी बेटी की शादी के लिए गहना, कपड़ा, बर्तन आदि एकत्रित कर रखा हुआ था।

चोरों ने शादी वाले घर को निशाना बनाकर घर से दस लाख कीमत का सोने चांदी के जेवर नगद रुपए बर्तन कपड़ा आदि सब कुछ समान साफ कर दिया। इस चोरी से पीड़ित परिवार का लगभग दस लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।पीड़ित परिजनो की सूचना पर पहुंची सिंघिया चौकी पुलिस ने जांच पड़ताल की।पीड़िता मीरा देवी ने बताया कि उनके पति पुलिस में सिपाही थे,उनकी मृत्यु मार्च 1995 में हो गई थी,उनकी पेंशन और खेतीबाड़ी से हो रही आय से वह अपना परिवार चलाती है,उनकी एक बेटी की शादी अभी मार्च में हुई थी,एक छोटी बेटी की शादी भी तय कर दी गई और फरवरी में उसकी सगाई की गई है,सभी लड़कियों के सोने चांदी के गहने और नगदी सहित दस लाख से अधिक का गहना सहित सारा समान चोर चोरी कर ले गए।उनके ऊपर तो मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। मुसीबत यह है कि अब उनकी छोटी बेटी की शादी कैसे हो पाएगी।

# दरवाजे पर खड़ी मोटर साइकिल को दिन दहाड़े चोरों ने किया पार

**अखंड भारत संदेश**

**पुलिसिया इकबाल को चोर दे रहे चुनौती, नहीं थम रहा चोरों का आतंक, आए दिन हो रही चोरियां**

**कौशांबी।** सैनी थाना अंतर्गत चोरी का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। कभी घर में सेंध लगाकर लाखों की चोरी तो कहीं बीच सड़क दिन दहाड़े छिनैती तो कहीं सड़क किनारे खड़ी बाइक की चोरी। अब तो एक कदम आगे बढ़ते हुए चोरों ने दिन दहाड़े घर के बाहर खड़ी बाइक को ही चोरों ने चोरी करके पुलिसिया इकबाल को ही चुनौती दे दी है। मालूम हो अजुहा चौकी में हो रही चोरियों पर लगाम लगाने में चौकी पुलिस नाकाम हो रही है अब तो चोरों ने पुलिसिया इकबाल को ही चुनौती देते हुए मालूम हो नगर पंचायत अजुहा के वार्ड न0 9 के निवासी आकाश केसरवानी मंगलवार दोपहर 2 बजे घर के सामने मोटरसाइकिल खड़ी कर अंदर खाना खाने चले गए कुछ देर बाद बाहर आकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब थी संभावित जगहों पर तलाश के बाद भी जब मोटर साइकिल का सुराग नहीं लगा तो आकाश ने सैनी कोतवाली में मोटर साइकिल चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन दिन दहाड़े हुई से चोरी से पुलिसिया इकबाल पर कई सवाल खड़ी कर रही है। वहीं लोगों का कहना है दरवाजे के बाहर खड़ी बाइक को पुलिस चौकी तो उठा लाती है लेकिन कई माह से चोरी कर रहे चोरों का सुराग लगाने में अजुहा चौकी पुलिस नाकाम हो रही है।

## न्यूज झरोखा

### दो पक्षों के विवाद में दो महिलाएं लहूलुहान

**नाली की सफाई करते समय दो पक्ष आपस में भिड़े**



**कौशाम्बी।** कचरा से पटी हुई नाली की सफाई करते समय दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षो से एक- एक लोगों को चोटें आयी है। चरवा थाना क्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव कि उर्मिला देवी पत्नी उमेश कुमार ने दिए गए शिकायती प्रार्थना पत्र में बताया कि बुधवार की दोपहर गांव के ही रंगी लाल, मंजीत व संदीप पुत्रगण कैलाश ग्राम सभा में बनी हुई सरकारी नाली की सफाई करके गन्दा कचरा उर्मिला देवी के दरवाजे के सामने इकठ्ठा कर दिया। उर्मिला देवी ने कहा कि मेरे दरवाजे पर इतनी गंदगी इकठ्ठा कर दिए हो मेरे घर का कोई सदस्य बीमार हो जाएगा तो क्या होगा। इतनी सी बात पर विपक्षीगण उग्र होकर गाली-गलौज करने लगे। पीड़िता ने गाली-गलौज का विरोध किया तो विपक्षीगण एक जुट होकर लात घूसों से मारा पीटा पीड़िता के शरीर व हाथ में चोटें आई है। दूसरे पक्ष से सीता देवी पत्नी कैलाश के पैर व शरीर में चोटें आई हैं। दोनों पक्ष चरवा थाना पहुंच कर एक दूसरे के विरुद्ध नामजद लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग किया है। चरवा पुलिस शिकायती प्रार्थना पत्र पाकर जांच में जुट गई है।

### इलेक्ट्रॉनिक मशीन में ईट रखकर तौल कर रहा कोटेदार निलंबित



**अझुवा कौशाम्बी।** बिकास खण्ड सिराथू के कईमा गांव का कोटेदार इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन मे 3 ईट रखकर सरकारी राशन की तौल कर रहा था ग्रामीणों ने घटतौली का वीडियो बनाकर शोसल मीडिया में वायरल कर दिया घटतौली की जानकारी मिलते ही पूर्ति विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और कोटेदार को निलंबित करके राशन वितरण की जिम्मेदारी दूसरे गांव के कोटेदार को सौंप दी है सरकारी खाद्यान्न योजना में कोटेदार गरीब कार्डधारकों का पेट काटकर खाद्यान्न की कटौती कर रहा है कोटेदार का यह खेल लंबे समय से चल रहा है लेकिन वीडियो वायरल होने के पहले पूर्ति विभाग ने भी मामले को संज्ञान नहीं लिया बताया जाता है कि महिला कोटेदार उर्मिला के नाम से कोटे की दुकान चल रही थी और कोटेदार का पुत्र राशन वितरण का तौल कर रहा था जिसमें इलेक्ट्रॉनिक कांटे में तीन ईट रखकर कार्ड धारकों को राशन दे रहा था जिसका कार्ड धारकों ने विरोध किया और सोशल मीडिया में वीडियो वायरल कर दिया मामले को जिला अधिकारी ने संज्ञान लिया और जिलाधिकारी के निर्देश पर पूर्ति विभाग में कोटे को निलंबित कर दिया है।

### घर की कुंडी तोड़कर चोरों ने किसान की खंगाली गृहस्थी



**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के लोहदा गांव के मजरे गडरिया पुरवा में मंगलवार की रात चोर किसान के घर की कुंडी तोड़कर नकदी समेत डेढ़ लाख के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित को सुबह हुई।केदार नाथ पुत्र नन्हा मंगलवार की रात परिवार के साथ खाना पीना करने के बाद छत पर सोने के लिए चला गया। आधी रात घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी तोड़कर भीतर घुसे चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा 55 हजार रुपये नकदी के साथ करीब डेढ़ लाख रुपये कीमत के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह जगने के बाद हुई। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित की तहरीर पर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।बताते चलें यह वही केदार नाथ है जिसने ग्राम प्रधान को अपनी जमीन बेंच दी थी जिसके भतीजे महिपाल ने विरोध किया था,विरोध पर प्रधान और उसके भाइयों ने 19 मई देर रात्रि मारपीट की थी जिससे महिपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### तीन वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** थाना सराय अकिल पुलिस द्वारा मारपीट गाली गलौज से संबंधित 03 वारंटी अभियुक्तों शुकुल मिठाई लाल मेंड़ाई निवासी बहुगुरी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

### गोमांस के साथ दो गिरफ्तार

**कौशाम्बी** सैनी कोतवाली पुलिस द्वारा 02 कुंतल गोमांस के साथ दो अभियुक्तों विशाल कुमार सरोज और लईक निवासी मंसूराबाद मोहिद्दीन पुर थाना नवाबगंज को एक पिकअप वाहन और दो कुंतल गौमांस के साथ कमासिन ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार किया है क्या बताया जाता है कि पकड़े गए आरोपी तो पेशेवर कारोबारी है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

### दो वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** संदीपनघाट थाना पुलिस बल द्वारा 02 वांछित अभियुक्तों कमल सिंह सरोज निवासी भीखमपुर को बलिहावा तिराहा से और द्रविड़ कुमार उर्फ छोटू रैदास निवासी मोहिद्दीनपुर गौस को भैरव भीटी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय भेज दिया है।

# प्यासे भटक रहे फरियादी नहीं हुई पौशाला प्याऊ की व्यवस्था

**अखंड भारत संदेश**

**कुए सूखे, हैंडपंप खराब, तपन तेज धूप में बेहाल गरीब कमजोर लाचार, सरकारी कार्यालय में भी बदली प्रथा, नहीं रखे जाते घड़ा और मटका का पानी**



**कौशाम्बी।** गर्मी के महीने में सरकारी कार्यालय में मटका और घड़ा रखकर लोगों को प्यास बुझाने का प्रयास सरकार द्वारा किया जाता था लेकिन जमाना बदल गया है विकास योजनाओं के नाम पर बजट तो बड़ा है लेकिन गरीब कमजोर लाचार लोगो की प्यास बुझाने के लिए सरकार के पास बजट नहीं है अब सरकारी कार्यालय में फरियादियों आम जनता की प्यार बुझाने के लिए घड़ा और मटका नहीं रखा जाता है प्याऊ पौशाला नहीं चलाए जाते जिससे आम जनता फरियादी पानी के लिए परेशान रहती है। नगर क्षेत्र में समाजसेवी और स्वयंसेवी संस्था के द्वारा जगह-जगह पर गौशाला प्याऊ की व्यवस्था की जाती थी राहगीरों को निशुल्क पानी पिलाया जाता था तमाम स्वयं सेवी संस्था और समाज के सम्भ्रान्त लोगों द्वारा प्याऊ और पौशाला में पानी के साथ-साथ गुड़ बताशा मिठाई आदि का भी प्रबंध राहगीरों के लिए किया जाता था लेकिन धीरे-धीरे संपूर्ण प्रथा बंद हो गई और सड़क पर एक लोटा पानी के लिए गरीब कमजोर लाचार राहगीर तरस जाते हैं अमीर लोग तो बंद बोतल का पानी खरीद कर पी लेते हैं लेकिन गरीबों के सामने प्यास बुझाने की समस्या खड़ी हो जाती है पहले कुआं लोगों को प्यास बुझाने का अच्छा संसाधन था लोग कुआं पर पहुंच जाते थे और पानी पीकर प्यास बुझा लेते थे लेकिन कुआं सूख गए हैं कुआं खुद प्यासे हैं तो दूसरे की प्यास कैसे बुझायेंगे सरकार द्वारा हैंडपंप लगाए गए लेकिन 70 प्रतिशत हैंड पंप खराब है सड़क के किनारे लगे हैंडपंप से राहगीर को एक लोटा पानी नहीं मिल पाता है जिससे गरीब तबके के राहगीर प्यार से भटकते रहते हैं प्याऊ और पौशाला की व्यवस्था भी खत्म हो गई है जनपद मुख्यालय मंझनपुर के विकास भवन सिंचाई विभाग शिक्षा विभाग जिला अस्पताल स्वास्थ्य विभाग कार्यालय के बाहर फरियलियों को प्यास बुझाने के लिए मटका और घड़ा नहीं रखा गया है प्याऊ पौशाला की व्यवस्थाएं नहीं की गई है तमाम कार्यालय के बाहर लाखों रुपए खर्च करके ठंडा पानी की मशीन फ्रीजर लगाई गई है लेकिन विभागीय अव्यवस्था के चलते तमाम मशीन समय के पहले खराब हो गई है जिससे लोगों के प्यास नहीं बुझ रही है अब सवाल उठता है कि प्यासे राहगीर और फरियादी पानी के लिए भटक रहे हैं कुएं सूख गए हैं हैंडपंप खराब हो गए हैं आम जनता राहगीर फरियादी गरीब कमजोर लाचार धूप में एक लोटा पानी के लिए परेशान दिखाई पड़ रहे हैं बंद बोतल का पानी पीकर प्यास बुझाने वाले सांसद विधायक जनप्रतिनिधियों ने भी आम जनता की प्यास बुझाने के लिए घड़ा मटका प्याऊ पौशाला की व्यवस्था नहीं कराई है फिल्टर मशीन का पानी पी कर गला तर करने वाले या बंद बोतल का मिनरल वाटर पीने वाले अधिकारियों ने गरीब कमजोर लाचार लोगों के पानी पीने की व्यवस्था के लिए प्याऊ पौशाला घड़ा मटका की व्यवस्था नहीं कराई है मिठाई बताशा गुड़ की व्यवस्था करना तो दूर की बात है जिससे उनकी संवेदनहीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# भरवारी क्षेत्र में बिजली कटौती से मचा हाहाकार उपभोक्ता परेशान

**लोकसभा चुनाव का मतदान होने के बाद ही बिजली विभाग के अधिकारी हुए बेलगाम**




**भरवारी कौशाम्बी।** लोकसभा चुनाव का मतदान होते ही बिजली विभाग के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और पूरे जिले में बिजली कटौती तेजी से बढ़ गई जिससे उपभोक्ता परेशान है नगर पालिका परिषद भरवारी और उसके आसपास के क्षेत्र में 3 दिन से बेतहाशा बिजली कटौती के चलते आम जनता का जीना मुहाल हो गया है विजली बिभाग के कर्मचारियों द्वारा सप्लाई के दौरान बार-बार बिजली की ट्रिपिंग की जाती है लो वोल्टेज की समस्या भी बराबर बनी है जिससे बिधुत उपकरण ठीक से काम नही कर रहे है भरवारी और उसके आसपास क्षेत्र में बिभाग के रोस्टर के अनुसार से विद्युत सप्लाई विभाग नहीं दे रहा है जिससे गर्मी के इस मौसम में नगर पालिका भरवारी के और उसके आसपास के उपभोक्ता परेशान हो गए हैं शिकायत के बाद बिजली विभाग के अधिकारी बिजली सप्लाई को बहाल नहीं कर रहे हैं विभाग की लापरवाही के चलते विद्युत उपभोक्ता में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है लोकसभा चुनाव के मतदान के बाद बिजली कटौती बढ़ जाने से उपभोक्ता परेशान है उपभोक्ताओं का कहना है कि लोकसभा का मतदान होते ही योगी सरकार के अधिकारी बेलगाम हो गए हैं और सरकार को बदनाम करने के लिए बिजली की कटौती बढ़ा दी है जिससे आम जनता परेशान है नगर के लोगों ने कहा कि तत्काल बिजली की सप्लाई बहाल नहीं की गई तो नगर के लोग सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने सुनी जन समस्याएं

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा प्रतिदिन की तरह बुधवार को भी पुलिस कार्यालय पहुंचे आम जनमानस की समस्याओं को सुना और आम जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित थाना पुलिस को निर्देशित किया इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुन कर उन्हें न्याय प्रिय तरीके से उनकी समस्याएं दूर करने का पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिलाया।

### 11 अभियुक्तों पर हुई निरोधात्मक कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में 11 आरोपियों पर अलग अलग थाना पुलिस ने निरोधात्मक कार्यवाही की है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सराय अकिल थाना पुलिस ने 4 अभियुक्तों पर चरवा थाना पुलिस ने दो अभियुक्तों पर संदीपन घाट थाना पुलिस ने एक अभियुक्त पर कड़ा धाम थाना पुलिस ने एक अभियुक्त पर और मोहब्बत पुर पइंसा थाना पुलिस ने 3 अभियुक्तों पर निरोधात्मक कार्यवाही की है।

# खरीदी जमीन से अधिक कब्जा करने की एसपी से शिकायत

## दे दो जमीन नहीं लड़की से मुकदमा लिखा करके कर लेंगे जमीन कब्जा

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के चरवा थाना अंतर्गत समसपुर गांव के राम कैलाश पुत्र स्वर्गीय राम बहोरी पाल ने अपनी भूमि संख्या 1080 में अपने हिस्से से रकबा 289.50 वर्ग मीटर जमीन गांव के सुमेरिया पत्नी राम सुरेमन को बिक्रय किया था जिसे रजिस्ट्री ऑफिस में बैनामा भी हो गया है लेकिन खरीदी जमीन पर जब सुमेरिया ने निर्माण शुरू किया तो राम कैलाश की बची जमीन पर भी उसने कब्जा शुरू कर दिया 10 मई 2024 को विक्रेता राम कैलाश की जमीन पर सुमेरिया अपनी पति वा अन्य लोगों के साथ जमीन पर पहुंची और जबरिया विक्रेता के हिस्से की जमीन पर नीव खोदने लगी जब विक्रेता ने अधिक जमीन पर कब्जा से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज किया जान से मारने की धमकी दी गई और कहा कि यदि तुम हमारे निर्माण में बाधा डालोगे तो लड़की से मुकदमा लिखवा करके तुम्हें जेल भिजवा देंगे और जमीन कब्जा कर लेंगे मामले की सूचना जमीन विक्रेता राम कैलाश ने थाना पुलिस को दिया लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद कार्यवाही नहीं हुई और जमीन कब्जा करने का प्रयास लगातार चल रहा है विक्रेता राम कैलाश का कहना है कि उसकी जमीन की नाप कर लिया जाए खरीददार अपने हिस्से की जमीन ले ले उसकी हिस्से के जमीन पर कब्जा ना करें लेकिन खरीददार जमीन की नाप कराने को तैयार नहीं है जिससे पीड़ित राम कैलाश पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा है और शिकायती पत्र देकर अवगत कराते हुए न्याय की मांग की है।

### दूसरे की जमीन पर जबरिया दबंग कर रहे कब्जा पुलिस मजबूर

**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार निवासी ब्यापारी ताराचंद्र केसरवानी पुत्र राम आसरे की पैत्रिक जमीन प्रयागराज जनपद के पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के अशरफपुर गांव में मौजूद है लेकिन ताराचंद की जमीन पर कई दिन से गांव के रामकृपाल पासी के पुत्रों ने जबरिया नीव खोदकर कब्जा शुरू कर दिया है दूसरे की जमीन कब्जा करने का पूरा प्रयास हो रहा है नियत खराब हो गई है जमीन पर कब्जा करने से मना करने पर व्यापारी परिवार के साथ गाली गलौज अभद्रता भी की जा रही है मामले की सूचना ट्विटर के माध्यम से पुलिस अधिकारियों को दी गई और साथ ही साथ थाना पुलिस को पीड़ित ने तहरीर भी दिया तहरीर मिलने के बाद थाना पुलिस आरोपी को पकड़ कर थाने लाई लेकिन आरोपी से साठगांठ के बाद आरोपी को थाना पुलिस ने छोड़ दिया है पुलिस के छोड़ने के बाद आरोपी फिर दूसरे की जमीन पर जबरिया निर्माण कर रहा है मना करने पर आरोपी गाली गलौज कर रहा है अनुसूचित जाति की फर्जी धारा में फसाने की धमकी आरोपी दे रहा है जमीन पर जबरिया कब्जा के मामले में पुरा मुफ्ती पुलिस मजबूर दिखाई पड़ रही है जिससे व्यापारी परिवार परेशान दिखाई पड़ रहा है आखिर अनुसूचित जाति के नाम पर दूसरे की जमीन कब्जा करने का इन दबंगों को कैसे अधिकार मिल गया है।

### महिला थाना पुलिस द्वारा महिलाओं बालिकाओं को प्रतिदिन किया जा रहा जागरूक



**कौशाम्बी।** महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना पुलिस द्वारा प्रतिदिन नगर क्षेत्र में भ्रमणकर महिलाओं बालिकाओं को उनके अधिकार के प्रति जागरूक किया जा रहा है महिलाओं बालिकाओं को थाना पुलिस द्वारा कानून नियम की जानकारी दी जा रही है महिला थाना पुलिस टीम द्वारा बुधवार को कस्बा मंझनपुर में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के समाधान का प्रयास किया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों 1090,1076,112,108,102,181,1930 की जानकारी महिला थाना पुलिस द्वारा महिलाओं बालिकाओं को दी गई।

# मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले ही फर्जी हस्ताक्षर बनाकर निकाल रहे सफाई कर्मी का वेतन!

**अखंड भारत संदेश**

**सफाई कर्मी जीवित है कि उसकी मौत हो गई है यह बड़ी जांच का विषय है**

**चयनित होने से आज तक गांव मे नही दिखाई पड़ा सफाई कर्मी गांव मे चारों तरफ लगा गंदगी का अंबार**

**नेवादा कौशाम्बी।** जिले के नेवादा ब्लाक मे भ्रष्टाचारी का खेल अधिकारी खूब खेल रहे हैं अधिकारियों को योगी मोदी सरकार का तनिक भी भय नही रह गया है कागजों पर लीपा पोती कर सरकार को गुमराह करते हुये बिना काम किये ही सफाई कर्मी को प्रत्येक महीने वेतन दिया जा रहा है हाजिरी भरने की जिम्मेदारी भी पंचायत सचिव और एडीओ पंचायत की हैं और वेतन दिलाने की जिम्मेदारी भी एडीओ पंचायत और पंचायत सचिव की है मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की भी जिम्मेदारी एडीओ पंचायत और पंचायत सचिव की है जिससे जो मर्जी हुई वह आदेश जारी कर देते हैं ग्रामीणों का कहना कि सफाई कर्मी यदि जीवित होता तो वेतन रजिस्टर में हस्ताक्षर भी करता और गांव में ड्यूटी भी देता लेकिन सफाई कर्मी का ना दिखाई देना यह साबित कर रहा है कि उसकी मौत हो चुकी है

नेवादा ब्लॉक के औधन गांव मे चार गांव जोड़ा गया है गांव बड़ा होने के चलते एक दशक पूर्व तीन सफाई कर्मियों को तैनात किया गया था जब कि दो सफाई कर्मी कभी कभी दिखाई पड़ते हैं लेकिन एक सफाई कर्मी गांव मे कभी नही आया जिसकी ब्लॉक स्तर के अधिकारियों से ग्रामीणों ने कई बार जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन अधिकारी भी कोई जानकारी नही दे सके चचाओं पर जाए तो सफाई कर्मी की मौत हो चुकी है लेकिन मौत के बाद उसका वेतन नहीं बंद किया गया है और उसे उपस्थित दिखा करके उसका वेतन निकाला जा रहा है जिससे अधिकारियों की मंशा साफ जाहिर हो रही है कि कमीशन खोरी के चलते मृत सफाई कर्मी को राज्य कोष से वेतन दिया जा रहा है। यदि सफाई कर्मी जीवित है तो उसके हस्ताक्षर को मिला लिया जाए और गांव में अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें लेकिन शिकायत के बाद भी ना तो ड्यूटी का निस्तारण हुआ ना उसका असली हस्ताक्षर बनाया गया है आखिर इसके पीछे क्या विभागीय राज है यह बड़ी जांच का विषय है एक दशक पूर्व चयनित हुये सफाई कर्मी को किस बात का अधिकारियों द्वारा वेतन दिया जा रहा है जो तैनाती होने के बाद से आज तक गांव मे सफाई करने कभी नही आया इस मामले को लेकर कहीं न कहीं अधिकारी भी सवालों के कठघरे मे खड़े है जब गांव मे तीन सफाई कर्मी रजिस्टर में दर्ज हैं उनके हस्ताक्षर हो रहे हैं तो वह तीसरा सफाई कर्मी कौन है जिसकी कागजों पर डियूटी चल रही है उसका हस्ताक्षर भी रजिस्टर में फर्जी बनाया जा रहा है आखिर जीवित है तो गांव मे सफाई करने क्यो नही आता और अगर मौत हो गई हो तो उसका वेतन रोक कर उसके दर पर दूसरे सफाई कर्मी को तैनात क्यों नही किया गया मृत्यु प्रमाण पत्र भी बनाने वाले वही है जो उसके फर्जी हस्ताक्षर बनाकर वेतन निकल रहे हैं जो गम्भीर जांच का विषय है इस समय गांव मे चारों तरफ गंदगी का ढेर देखने को मिल रहा है जब कि गंदगी एक भयानक बीमारी को दस्तक दे सकती है अभी तक तो कुछ ठीक था लेकिन चार माह पहले एक सफाई कर्मी का ऐक्सीडेन्ट होने से पैर टूट गया था जिससे काम बाधित हो गया है और ब्लाक मे मौजूद अधिकारी इसी पैर टूटे हुए सफाई कर्मी को डरवा धमका कर उसी से सफाई करवा रहे हैं जब कि उससे काम नही हो पाता उसे आराम की जरुरत है लेकिन दुर्घटना होने के बाद भी उसे मेडिकल रिलीफ नहीं मिल सका है सफाई कर्मी जीवित है कि उसकी मौत हो गई है यह बड़ी जांच का विषय है और मामले में आलाधिकारियों ने जांच कराई तो चौंकाने वाले खुलासे होंगे।

### पैदल गस्त के दौरान संदिग्धों की तलाश में निकली पुलिस

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पूरे जिले में थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ कस्बा नगर और भीड़ भाड़ इलाके में पैदल गस्त किया जनपद में शांति एवं सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले के समस्त थाना पुलिस बल द्वारा भीड़-भाड़ एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर अपराधियों पर कड़ी नजर रखी गई।

### दुष्कर्म का वांछित गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दुष्कर्म पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त मदन उर्फ प्रधान निवासी रसूलपुर मडिया मई को बस स्टैंड सैनी से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात पुलिस ने आरोपी को न्यायालय भेज दिया है।

# प्रतिदिन दर्जनों हरे फलदार पेड़ काट रहे हैं लकड़ी माफिया

## गैर नम्बर प्लेट के वाहन से हरे पेड़ों की अवैध लकड़ी लाद कर फरार्टे भर रहे लकड़ी माफिया



**कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत इन दिनों अवैध लकड़ी कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं हरे फलदार पेड़ बेखौफ तरीके से काटे जा रहे हैं लकड़ी माफिया हरियाली नष्ट कर रहे हैं प्रतिदिन दर्जनों हरे पेड़ इलाके में कट रहे हैं लेकिन वन विभाग से लेकर पुलिस तक अनजान बनी है तभी तो बिना डर के आए दिन कही हरे पेड़ काटे जा रहें है तो कही बिना नम्बर प्लेट के वाहनों से ओवर लोड अवैध लकड़ी लाद कर दिनदहाड़े अवैध वाहन बेधड़क थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार्टे भर रहे हैं जिनको पूछने वाला कोई नहीं है।आखिर पूछे भी कौन जब जिम्मेदारों की ही मिली भगत से लकड़ी माफिया घूम रहे हैं। बुधवार को संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत तेरहमिल चौराहे की ओर से एक गैर नम्बर प्लेट की अवैध पिकप जिसमें अवैध लड़की ओवर लोड तरीके से लदी हुई थी जो एकदम मस्ती के साथ बिना डर के घूम रहे हैं। अगर इन वाहनों से कोई दुर्घटना होती हैं तो कौन जिम्मेदार होगा और यह वाहन भाग भी जाए तो कोई इनको कैसे खोजेगा साथ ही यही सब वाहन अवैध काम के लिए प्रयोग में लाए जाते हैं, लकड़ी माफिया इन्ही की मिली भगत से अपने मंसूबों में कामयाब है और उनका अवैध कार्य क्षेत्र में फल फूल रहा है।

## संपादक की कलम से

# केंद्र में राजनीतिक सत्ता परिवर्तन का संकेत दे रहा स्वर्ण आयात में उछाल

क्या विदेशी निवेशक इस बार देश की राष्ट्रीय सरकार और बाजार की स्थिरता को लेकर एक अलग राजनीतिक गंध महसूस कर रहे हैं? अमीर भारतीय अपनी नकदी की सुरक्षा के लिए पहले की तरह सोना खरीद रहे हैं। आधिकारिक रिकॉर्ड बताते हैं कि पिछले महीने सोने का आयात एक साल पहले की समान अवधि के 1 अरब डॉलर से तीन गुना बढ़कर 3.1 अरब डॉलर हो गया। सोने की कीमतें लगभग हर हफ्ते बढ़ रही हैं।

दक्षिणपंथी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) या उसके प्रमुख विपक्ष 26-दलीय इंडिया राजनीतिक गठबंधन, किसी के पक्ष में लहर के अभाव वाले इस बार के संसदीय चुनाव के संभावित परिणाम की कोई भी भविष्यवाणी कठिन होती जा रही है। इंडिया गठबंधन का प्रतिनिधित्व सात राज्यों के मुख्यमंत्रियों और पिछली संसद के 142 सदस्यों द्वारा किया जा रहा है जो भाजपा नेतृत्व वाले एनडीए को कठिन चुनौती दे रहा है।

इस बार चुनाव के पहले तीन चरणों में गिरता मतदान प्रतिशत एनडीए और इंडिया गठबंधन, दोनों के लिए चिंता का एक और कारण बन गया है। कुल मिलाकर पांच से छह प्रतिशत मतदान प्रतिशत का एनडीए या इंडिया खेमे के संख्या के खेल पर गंभीर प्रभाव पड़ना संभव है। सार्वजनिक रूप से, दोनों समूह 300 सदस्यों की अंतिम ताकत की आकांक्षा रखते हैं, हालांकि केवल 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं। अगली सरकार बनाने के लिए, एक राजनीतिक गठबंधन को कम से कम 272 सीटें जीतने की आवश्यकता होगी। सरकार अधिक स्थिर दिखेगी यदि उसके लोकसभा सांसदों की संख्या 300 से अधिक हो जाये।

फिलहाल, एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के चुनाव प्रचारक जनता की उदासीन प्रतिक्रिया से कुछ हद तक परेशान दिख रहे हैं। चुनाव प्रचारक इतने घबराये हुए हैं कि बहुत कम लोग अपने चुनावी घोषणापत्रों के बारे में बात करते हैं और यह भी उतने उत्साह से नहीं बताते हैं कि सत्ता में लौटने पर वे लोगों की किस तरह सेवा करना चाहते हैं। समूह के अधिकांश नेताओं के पास मतदाताओं के साथ संवाद करने के लिए एक-दूसरे के खिलाफ मौखिक आरोप लगाने, झूठ और अधिक झूठ बोलने, तथ्यों को तोड़ने-मरोड़ने और अक्सर कटाक्ष या यहां तक कि व्यक्तिगत हमलों का उपयोग करने के अलावा बहुत कुछ नहीं है। चुनावी घोषणा पत्र व्यावहारिक रूप से पीछे छूट गये हैं। इन चुनाव अभियानों में जनता की भागीदारी दिन पर दिन निराशाजनक रूप से कम होती जा रही है। लगातार चल रही लू भी एक वजह हो सकती है। व्यवसाय और उद्योग, जो आम तौर पर संभावित विजेताओं का समर्थन करते हैं, भी भ्रमित हैं। वे इस बारे में निश्चित नहीं हैं कि रोटी के किस तरफ मक्खन लगाना है। माना जाता है कि बड़े व्यवसाय, औद्योगिक घराने और व्यापार दोनों पक्षों को खुश रखने के लिए गुप्त रूप से धन की पेशकश कर रहे हैं। एनडीए के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार उद्योगपतियों अंबानी और अडानी पर कांग्रेस को कथित अवैध धन भेजने का आरोप लगाया है और दावा किया है कि यही कारण है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने उनके खिलाफ बोलना बंद कर दिया है।

विडंबना यह है कि नरेंद्र मोदी के लगातार कांग्रेस विरोधी, गांधी परिवार विरोधी बयानों ने कांग्रेस पार्टी को दैनिक समाचारों में एक बहुत जरूरी स्थान प्रदान किया है और परोक्ष रूप से जनता के समर्थन में मदद की है या कांग्रेस के लिए स्वतंत्र मतदाता कल्पना को मजबूत किया है, जो लोकसभा में 100 से अधिक सीटें हासिल करने की उम्मीद करती है। हैरानी की बात यह है कि मोदी ने पश्चिम बंगाल में अपने अभियान के दौरान भी कांग्रेस पार्टी के क्षत्रपों को नहीं बख्शा, जहां कांग्रेस का अस्तित्व ही नहीं है।

पिछले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। मोदी का कांग्रेस-फोबिया स्पष्ट रूप से देश की सबसे पुरानी राष्ट्रीय पार्टी (जीओपी) के लाभ के लिए काम कर रहा है। ओडिशा के कंधमाल जिले में एक चुनावी रैली में बोलते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा, 'वे (कांग्रेस) यह कहकर भारतीयों के मन में डर पैदा करते हैं कि पाकिस्तान एक परमाणु शक्ति है। कांग्रेस की कमजोर मानसिकता के कारण जम्मू-कश्मीर के लोगों ने दशकों तक संघर्ष किया है। पश्चिम बंगाल की तरह, कांग्रेस पार्टी की आज ओडिशा की राजनीति में बहुत कम प्रासंगिकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में, ओडिशा ने कोरापुट (एससी) निर्वाचन क्षेत्र से एक अकेला कांग्रेस सांसद भेजा। यह ध्यान दिया जा सकता है कि 2013 के बाद पहली बार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) चुनावी घबराहट के कारण बाजार से लगातार निकासी कर रहे हैं। चल रहे राष्ट्रीय चुनावों में भाजपा के पहले के अनुमान से कम सीटें जीतने की अटकलों के बीच, एफपीआई चुनिंदा स्टॉक बेच रहे हैं। सत्तारूढ़ एनडीए के लिए यह शायद ही कोई अच्छा संकेत है। भारत में 2014 और 2019 के संसदीय चुनावों से पहले भाजपा के नेतृत्व वाले दक्षिणपंथी राजनीतिक गठबंधन को एफपीआई और वैश्विक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंकों और गोल्डमैनसैक्स, जेपीमॉर्गन, वेल्सफार्गो और मॉर्गनस्टेनली जैसी वित्तीय सेवा कंपनियों का भारी समर्थन प्राप्त था। गोल्डमैनसैक्स ने इस बार भी कम मुखरता से मोदी का समर्थन जारी रखा है। हालांकि, 4 जून को देश के संसदीय चुनाव के नतीजों से पहले एफपीआई भारतीय बाजार में सुरक्षित खेल रहे हैं।

अकेले चालू माह के दौरान, एफपीआई ने मई के मध्य तक 22,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं। अप्रैल में 21,524 करोड़ रुपये की उन्होंने निकासी की थी। 31 मार्च, 2024 तक पांच प्रतिशत से अधिक एफपीआई हिस्सेदारी वाले 100 से अधिक शेयरों में 10 प्रतिशत से 30 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गई, जबकि निफ्टी सूचकांक में केवल 1.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

## दिल्ली-एनसीआर में हीटवेव का अलर्ट, रिकॉर्ड स्तर के पार बिजली डिमांड,

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने हीटवेव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। दूसरी ओर राजकीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान ग्रेटर नोएडा ने बताया है कि आने वाले कुछ दिनों तक लोगों को हीटवेव से बचकर रहना होगा।

राजधानी दिल्ली में अगर अधिकतम तापमान की बात करें तो मंगलवार शाम 5:30 बजे आईएमडी से मिले आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में ओवरऑल तापमान 42.4 डिग्री रहा है और न्यूनतम तापमान 30.7 डिग्री दर्ज किया गया था।

इसके अलावा दिल्ली में भी बिजली की मांग ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। दिल्ली में मंगलवार दोपहर 3.33 बजे पीक पावर डिमांड 7,717 मेगावाट तक पहुंच गई थी। यह दिल्ली के इतिहास में पहली बार हुआ है। इससे पहले 29 जून 2022 को 7,695 मेगावाट की पीक पावर डिमांड थी।

संभावना जताई गई है कि दिल्ली के इतिहास में पहली दफा इस बार पीक पावर डिमांड 8,000 मेगावाट पार हो जाएगी। दूसरी ओर नोएडा के अलावा ग्रेटर नोएडा, जो अब तक 'नो पावर कट जोन', के नाम से जाना जाता था, यहां भी कई घंटे की बिजली कटौती देखने को मिल रही है। इसके विरोध में लोग सड़कों पर भी उतर रहे हैं।

जिला अस्पताल समेत नोएडा के कई अन्य अस्पतालों में 30 प्रतिशत मरीज हीटवेव से परेशान होकर पहुंच रहे हैं। इसे देखते हुए जिला अस्पताल में हीटवेव को लेकर अलग वार्ड तैयार किया गया है। राजकीय चिकित्सा विज्ञान संस्थान, ग्रेटर नोएडा की एडवाइजरी में बताया गया है कि 22 से लेकर 25 मई तक हीटवेव का सबसे ज्यादा असर रहने वाला है और तापमान अपने उच्चतम स्तर तक जा सकता है।

हीटवेव से होने वाली दिक्कतें और उनके लक्षण भी जारी की गई एडवाइजरी में बताए गए हैं। इनमें पानी की कमी होने से शरीर में ऐंठन, थकावट, हीट स्ट्रोक, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली, उल्टी, मांसपेशियों में ऐंठन शामिल हैं। बताया गया है कि धूप के सीधे संपर्क में आने से बचें, खासकर सुबह 10 से दोपहर 3 बजे के बीच।

# बुद्ध धर्मक्रांति एवं व्यक्तिक्रांति के सूत्रधार

**- ललित गर्ग -**

गौतम बुद्ध एक प्रकाशस्तंभ है, उनका लोकहितकारी चिन्तन एवं कर्म कालजयी है और युग-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता है। बुद्ध पूर्णिमा को उनकी जयंती मनाई जाती है और उनका निर्वाण दिवस भी बुद्ध पूर्णिमा के दिन ही हुआ था। आज के दिन गौतम बुद्ध अपनी पूर्णता में खिल गये थे, वे अपनी पूर्णता के साथ-साथ मानव समाज की पूर्णता की खोज में लगे रहे और एक प्रेरणा और संभावना बने। यानी यही वह दिन था जब बुद्ध ने जन्म लिया, शरीर का त्याग किया था, ज्ञान और मोक्ष प्राप्त किया। बुद्ध पूर्णिमा न केवल बौध धर्म के अनुयायियों के लिए बल्कि सम्पूर्ण मानव जाति के लिये एक महत्वपूर्ण दिन है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों के लिए बुद्ध पूर्णिमा सबसे बड़ा त्योहार का दिन होता है। इस दिन अनेक प्रकार के समारोह आयोजित किए गए हैं। अलग-अलग देशों में वहां के रीति-रिवाजों और संस्कृति के अनुसार समारोह आयोजित होते हैं। बुद्ध पूर्णिमा को श्रीलंकाई ह्यवेसाकह्न उत्सव के रूप में मनाते हैं जो ह्यवैशाखह्न शब्द का अपभ्रंश है। इस दिन बौद्ध घरों में दीपक जलाए जाते हैं और फूलों से घरों को सजाया जाता है। दुनियाभर से बौद्ध धर्म के अनुयायी बोधगया आते हैं और प्रार्थनाएं करते हैं। बोधिवृक्ष की पूजा की जाती है। उसकी शाखाओं पर हार व रंगीन पताकाएँ सजाई जाती हैं। जड़ों में दूध व सुगंधित पानी डाला जाता है। वृक्ष के आसपास दीपक जलाए जाते हैं। गरीबों को भोजन व वस्त्र दिए जाते हैं।



महात्मा गौतम बुद्ध बौद्ध धर्म के संस्थापक थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा लोगों को अहिंसा और करुणा का भाव सिखाया। गौतम बुद्ध का जन्म नेपाल स्थित लुम्बिनी में 563वीं ईसा पूर्व में एक राजपरिवार में हुआ था। महात्मा बुद्ध को सबसे महत्वपूर्ण भारतीय आध्यात्मिक महामनीषी, सिद्ध-संन्यासी, समाज-सुधारक धर्मगुरु में से एक माना जाता है। उन्होंने न केवल अनेक प्रभावी व्यक्तियों बल्कि आम जन के हृदय को छुआ और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाए। उन्हें धर्मक्रांति के साथ-साथ व्यक्ति एवं विचारक्रांति के सूत्रधार भी कह सकते हैं। उनकी क्रांतिवाणी उनके क्रांत व्यक्तित्व की द्योतक ही नहीं वरन्‌ धार्मिक, सामाजिक विकृतियों एवं अंधरूढ़ियों पर तीव्र कटाक्ष एवं परिवर्तन की प्रेरणा भी है, जिसने असंख्य मनुष्यों की जीवन दिशा को बदला।

बुद्ध संन्यासी बनने से पहले कपिलवस्तु के राजकुमार सिद्धार्थ थे। शांति की खोज में वे 27 वर्ष की उम्र में घर-परिवार, राजपाट आदि छोड़कर चले गए थे। भ्रमण करते हुए सिद्धार्थ काशी के समीप सारनाथ पहुंचे, जहाँ उन्होंने धर्म परिवर्तन किया। यहाँ उन्होंने बोधगया में बोधि वृक्ष के नीचें कठोर तप किया। कठोर तपस्या के बाद सिद्धार्थ को बुद्धत्व ज्ञान की प्राप्ति हुई और वह महान संन्यासी गौतम बुद्ध के नाम से प्रचलित हुए और अपने ज्ञान से समूचे विश्व को ज्योतिर्मय किया। बुद्ध ने जब अपने युग की जनता को धार्मिक-सामाजिक, आध्यात्मिक एवं अन्य यज्ञादि अनुष्ठानों को लेकर अज्ञान में घिरा देखा, साधारण जनता को धर्म के नाम पर अज्ञान में पाया, नारी को अपमानित होते देखा, शुद्रों के प्रति अत्याचार होते देखे- तो उनका मन जनता की सहानुभूति में उद्वेलित हो उठा। लोकजीवन को ऊंचा उठाने के उन्होंने जो हिमालयी प्रयत्न किये, वे अद्भुत और आश्चर्यकारी है। बुद्ध के अनुयसा जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर लिया तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। गौतम बुद्ध कहते हैं कि व्यक्ति कभी भी बुराई से बुराई को खत्म नहीं कर सकता है। इसे खत्म करने के लिए व्यक्ति को प्रेम का सहारा लेना पड़ता है। प्रेम से दुनिया की हर बड़ी चीजों को जीता जा सकता है। बुद्ध के अनुसार, खुशियां बांटने से हमेशा बढ़ती हैं। कभी कम नहीं होती हैं। जंगली जानवर की अपेक्षा कपटी और दुष्ट मित्र से डरना चाहिए। जंगली जानवर आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन एक बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुकसान पहुंचा सकता है। गौतम बुद्ध के अनुसार, जीवन में तीन चीजें कभी भी छुपाकर नहीं रखा जा सकता है। वो है- सूर्य, चंद्रमा और सत्य।

वास्तव में देखा जाए तो राज-शासन और धर्म-शासन दोनों का ही मुख्य उद्देश्य जनता को सन्मार्ग पर ले जाना है। परन्तु राज-शासन के अधिनायक स्वयं मोहमाया ग्रस्त प्राणी होते हैं, अतः वे समाज सुधार के कार्य में पूर्णतया सफल नहीं हो पाते। भला, जो जिस चीज को अपने हृदयतल में से नहीं मिटा सकता, वह दूसरे हजारों हृदयों से उसे कैसे मिटा सकता है? राज-शासन की आधारशिला प्रेम, स्नेह एवं सद्भाव की भूमि पर नहीं रखी जाती है, वह रखी जाती है, प्रायः भय, आतंक और दमन की नींव पर।

यही कारण है कि राज-शासन प्रजा में न्याय, नीति और शांति की रक्षा करता हुआ भी अधिक स्थायी व्यवस्था कायम नहीं कर सकता। जबकि धर्म-शासन परस्पर के प्रेम और सद्भाव पर कायम होता है, फलतः वह सत्य-पथ प्रदर्शन के द्वारा मूलतः समाज का हृदय परिवर्तन करता है और सब ओर से पापाचार को हटाकर स्थायी न्याय, नीति तथा शांति की स्थापना करता है। बुद्ध अन्ततोगत्वा इसी निर्णय पर पहुंचे कि भारत का यह दुःसाध्य रोग साधारण राजनीतिक हलचलों से दूर होने वाला नहीं है। इसके लिए तो सारा जीवन ही उत्सर्ग करना पड़ेगा, क्षुद्र परिवार का मोह छोड़ कर ह्यविश्व-परिवारह्न का आदर्श अपनाना होगा। राजकीय वेशभूषा से सुसज्जित होकर साधारण जनता में घुला-मिला नहीं जा सकता। वहां तक पहुंचने के लिए तो ऐच्छिक लघुत्व स्वीकार करना होगा, अर्थात भिक्षुत्व स्वीकार करना होगा।

मानवता को बुद्ध की सबसे बड़ी देन है भेदभाव को समाप्त करना। यह एक विडम्बना ही है कि बुद्ध की इस धरती पर आज तक छूआछूत, भेदभाव किसी न किसी रूप में विद्यमान हैं। उस समय तो समाज छूआछूत के कारण अलग-अलग वर्गों में विभाजित था। बौद्ध धर्म ने सबको समान मान कर आपसी एकता की बात की तो बड़ी संख्या में लोग बौद्ध मत के अनुयायी बनने लगे। कुछ दशक पूर्व डाक्टर भीमराव आम्बेडकर ने भारी संख्या में अपने अनुयायियों के साथ बौद्ध मत को अंगीकार किया ताकि हिन्दू समाज में उन्हें बराबरी का स्थान प्राप्त हो सके। बौद्ध मत के समानता के सिद्धांत को व्यावहारिक रूप देना आज भी बहुत आवश्यक है। मूलतः बौद्ध मत हिन्दू धर्म के अनुरूप ही रहा और हिन्दू धर्म के भीतर ही रह कर महात्मा बुद्ध ने एक क्रान्तिकारी और सुधारवादी आन्दोलन चलाया। समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। बुद्ध ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। जहां राग, द्वेष होता है, वहां विषमता पनपती है। इस दृष्टि से सभी समस्याओं का उत्स है-राग और द्वेष। व्यक्ति अपने स्वार्थों का पोषण करने, अहं को प्रदर्शित करने, दूसरों को नीचा दिखाने, सत्ता और सम्पत्ति हथियाने के लिए विषमता के गलियारे में भटकता रहता है।

बुद्ध ने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा सुनो, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है। उन्होंने अप्प दीपो भव- अपने दीपक स्वयं बनने की बात कही। क्योंकि दिन-रात संकल्पों-विकल्पों, सुख-दुख, हर्ष-विषाद से घिरे रहना, कल की चिंता में झुलसना तनाव का भार ढोना, ऐसी स्थिति में भला मन कब कैसे खाली हो सकता है? कैसे संतुलित हो सकता है? कैसे समाधिस्थ हो सकता है? इन स्थितियों को पाने के लिए वर्तमान में जीने का अभ्यास जरूरी है। न अतीत की स्मृति और न भविष्य की चिंता। जो आज को जीना सीख लेता है, समझना चाहिए उसने मनुष्य जीवन की सार्थकता को पा लिया है और ऐसे मनुष्यों से बना समाज ही संतुलित हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है, समतामूलक हो सकता है। जरूरत है उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए महात्मा बुद्ध के उपदेशों को जीवन में ढालने की। बुद्ध-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करने की। ऐसा करके ही समाज को स्वस्थ बना सकेंगे। कोरा उपदेश तक बुद्ध को सीमित न बनाएं, बल्कि बुद्ध को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25, आई0पी0 एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92 फोनः 22727486 मो. 9811051133**

# रईसी की मौत के बाद ईरान

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की आकस्मिक मौत से वैश्विक समीकरणों में होने वाले बदलाव से लेकर ईरान की अंदरूनी राजनीति में मची हलचल को लेकर नए सवाल खड़े हो गए हैं। गौरतलब है कि इब्राहिम रईसी रविवार को पूर्वी अजरबैजान प्रांत में एक बांध का उद्घाटन कर-के लौट रहे थे तभी उनका हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था। उनके साथ ईरान के विदेश मंत्री भी हेलीकॉप्टर में सवार थे। सोमवार को इस हादसे के शिकार सभी लोगों की मौत की पुष्टि कर दी गई। उसके बाद से ही सवाल उठने लगे थे कि अब ईरान किस राह पर आगे बढ़ेगा, अमेरिका के साथ उसके संबंधों पर इसका क्या असर पड़ेगा

ईरान के साथ यह विडंबना रही है कि उसके इस्लामिक रिपब्लिक बनने के 45 वर्षों के दौरान उसके मौजूदा सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई को छोड़कर सभी राष्ट्राध्यक्ष किसी न किसी मुसीबत का शिकार हुए। किसी की आकस्मिक मौत हुई, किसी को राजनैतिक निशाने पर लिया गया, तो कोई पद से बेदखल कर दिया गया। इब्राहिम रईसी मोहम्मद अली राजई के बाद, दूसरे ऐसे राष्ट्रपति हैं जिनका कार्यकाल किसी घातक दुर्घटना के कारण समाप्त हुआ है। राजई की मौत 1981 में प्रधानमंत्री कार्यालय में हुए एक विस्फोट में हो गई थी।



इब्राहिम रईसी एक कट्टरपंथी नेता थे। 2021 में उन्होंने राष्ट्रपति पद संभाला था और उनके शासनकाल में लिए गए फैसलों या घटनाओं में कम से कम पांच ऐसे थे, जिनसे पता चलता है कि ईरान को वे कट्टरपंथ और रुढ़िवादिता के साथ ही आगे ले जाना चाहते थे। इसलिए उन्हें अयातुल्लाह अली खामेनेई के उत्तराधिकारी के तौर पर सर्वथा योग्य माना जा रहा था। रईसी के सत्ता में आने के बाद ईरान ने सबसे पहले अपने परमाणु कार्यक्रम को दोगुना कर दिया, जिससे पश्चिमी देश नाराज हुए। इसके बाद दूसरा बड़ा फैसला रूस और यूक्रेन युद्ध में पश्चिम के विरोध के बावजूद रूस का समर्थन करने का फैसला लेना। रईसी ने नाटो के विस्तार की ईरान के लिए भी खतरे के रूप में व्याख्या की। रईसी के कार्यकाल में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने वाला तीसरा बड़ा फैसला हिजाब को लेकर था। 2022 के आखिरी महीनों में हिजाब के खिलाफ युवतियों ने ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन शुरू किया था, इसी दौरान सितम्बर में महसा अमीनी नामक युवती की मौत ईरान की मॉरल पुलिस के कारण हुई थी। इस घटना ने देश भर में युवतियों को गुस्से में भर दिया था। रईसी के शासनकाल में चौथा बड़ा फैसला इजरायल से सीधे टकराव का था। इजरायल और फिलीस्तीन के बीच अक्टूबर से चल रहे संघर्ष में पिछले महीने ही सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर इजरायली हमला हुआ था, जिसमें एक शीर्ष ईरानी जनरल की मौत हुई थी। इसके बाद ईरान ने इजरायल पर सीधा हमला बोला। ईरान ने सैकड़ों किलर ड्रोन और मिसाइलों की इजरायल के ऊपर बौछार कर दी। और इब्राहिम रईसी के कट्टरपंथी शासन की पांचवी पहचान तीन चरमपंथी संगठनों हिजबुल्लाह, हूती और हमास को सक्रिय समर्थन से मिलती है।

ईरान की अंदरूनी राजनीति के साथ-साथ अन्य देशों के साथ उसके संबंध पर इन पांचों फैसलों का गहरा असर पड़ा। और इन फैसलों ने रईसी को एक विवादास्पद नेता भी बनाया। इब्राहिम रईसी की उनके पहले लिए फैसलों के कारण आलोचना होती रही है। रईसी ईरान के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और लंबे समय तक शीर्ष अभियोजक रहे थे। वे 1980 में बनी उस कमेटी के सदस्य थे, जिसमें खामेनेई के फतवे के बाद हजारों राजनैतिक विरोधियों को फांसी पर चढ़ा दिया गया। इस कमेटी को डेथ कमेटी कहा जाने लगा। इसके अलावा जनवरी 2020 में यूक्रेन के एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान पर निकले विमान को ईरान की रिवॉल्युशनरी गार्ड कोर ने मार गिराया था। जिसमें 167 नागरिकों की मौत हो गई थी। बाद में इसे गलती करार दिया गया, लेकिन इसके असल दोषियों को सजा नहीं मिली, ऐसा पीड़ितों के परिजनों का आरोप है।

अतीत की इन घटनाओं के साथ-साथ मौजूदा वक्त के अंतरराष्ट्रीय राजनैतिक हालात रईसी के लिए चुनौतीपूर्ण थे, और इन चुनौतियों के बीच ही उनकी आकस्मिक मौत हो गई। जिस हेलीकॉप्टर पर वे सवार थे, अब उस पर सवाल उठने लगे हैं। साथ ही उनकी मौत के पीछे किसी बड़ी साजिश के कोण भी तलाशे जा रहे हैं। इब्राहिम रईसी की मौत का हादसा ऐसे समय में हुआ है जब पश्चिम एशिया गहरे संघर्ष में उलझा हुआ है। पिछले सात महीनों से इजरायल ने गजा में युद्ध छेड़ रखा है। वहीं, लेबनान में मौजूद ईरान समर्थित हिजबुल्लाह ने इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोला हुआ है। ईरान ने पहले भी अपने शीर्ष अधिकारियों की हत्या के लिए इजरायल को जिम्मेदार ठहराया है। इसलिए इस बार भी शक की सुई स्वाभाविक तौर पर इजरायल की ओर घूमी है, हालांकि अब तक की रिपोर्ट यही बता रही हैं कि ये एक दुखद घटना है और इसमें कोई साजिश अभी तक सामने नहीं आई है।

सोमवार को इब्राहिम रईसी की मौत की पुष्टि के बाद ईरान के प्रथम उपराष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर को इस्लामी गणराज्य का कार्यवाहक राष्ट्रपति नियुक्त किया गया है। इसके बाद 50 दिनों के भीतर नए राष्ट्रपति के लिए चुनाव होंगे। इससे पहले मार्च में जो संसदीय चुनाव हुए थे, उसमें रिकार्ड स्तर पर कम मतदान हुआ था। जो इस बात का संकेत देता है कि ईरान के लोगों में कहीं न कहीं कट्टरपंथ को लेकर एक निराशा का भाव बढ़ा है। ऐसे में अब देखना दिलचस्प होगा कि लगभग दो महीने बाद होने वाले चुनावों में क्या कोई परिवर्तन होता है या फिर ईरान पुराने रास्ते पर ही बढ़ता है। इस बीच नीतियों को लेकर यह तय है कि कोई भी फैसला पहले की तरह सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई ही लेंगे। रविवार को ही खामेनेई ने कह दिया था कि ईरान के लोगों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सरकार बिना किसी व्यवधान के काम करेगी।

इस आकस्मिक हादसे के बाद नई दिल्ली और तेहरान के बीच संबंधों पर भी बातें हो रही है। कुछ दिन पहले ही भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह के संचालन को लेकर ऐतिहासिक सौदा हुआ है। जिससे भारत को चाबहार के संचालन का अधिकार अगले 10 सालों के लिए मिल गया है, जो उसे अफगानिस्तान और मध्य एशिया में व्यापार के लिए पहुंच देगा। इस सौदे के बाद अमेरिका ने भारत को प्रतिबंधों की चेतावनी दी थी, जिसमें भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा था कि यह बंदरगाह पूरे क्षेत्र को लाभान्वित करेगा और अमेरिका को इस मामले में संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं अपनाना चाहिए। उम्मीद है कि भारत और ईरान के बीच पूर्ववत सौहार्द्रपूर्ण संबंध बने रहेंगे, लेकिन अमेरिका क्या ईरान पर नए सिरे से दबाव बनाने की कोशिश करेगा, क्या ईरान अमेरिका को पहले की तरह जवाब देता रहेगा, ये आने वाला वक्त बताएगा।

# 400 पार की नहीं, आर-पार की लड़ाई है ये

**@ राकेश अचल**

अठरहवीं लोकसभा के चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके है। दो और चरण के बाद 4 जून को तय हो जाएगा की लोकतंत्र का भावी स्वरूप कैसा होगा ? लोकतंत्र का स्वरूप मतदाता तय करते हैं या राजनीतिक दल या ईवीएम ये कहना मेरे लिए तो बहुत कठिन है, क्योंकि आज भी देश में एक व्यक्ति 8 वोट डालने में समर्थ है। उसे पकड़ा भी गया है, लेकिन इस सांकेतिक पकड़-धकड़ से कुछ होने वाला नहीं है। जब तक ईवीएम है हमें, आपको, सबको इसी के भरोसे लोकतंत्र को आक्सीजन देना है। ये चुनाव अपने आप में विचित्र किन्तु सत्य इसलिए है क्योंकि पहली बार किसी सत्तारूढ़ दल ने सीना ठोंक कर कहा है कि उनकी पार्टी, उनका गठबंधन 400 पार करेगा। 400 सीटें हासिल करना उन हाथों द्वारा खींची गयी लक्ष्मण रेखा है जो पिछले दस साल में न जाने कितनी लक्ष्मण रेखाओं को लांघने के आरोपी हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में बिना लक्ष्मण रेखा खींचे भी 400 सीटों से ज्यादा सीटें हासिल की जा चुकीं हैं, किन्तु आजकल देश में 2014 के पहले के इतिहास, भूगोल और गणित को मानता कौन है ? सबको खारिज किया जा चुका है। देश में जो हुआ है वो सब 2014 के बाद हुआ है।

अतीत में 400 सीटें हासिल करने वाले राजनीतिक दल ने भी देश को स्वर्ग नहीं बनाया था और आप यकीन मानिये कि दोबारा 400 सीटें हासिल करने का ख्वाब देखने वाले भी देश को स्वर्ग नहीं बना पाएंगे। देश को स्वर्ग बनाने का उनका इरादा है ही नही। उनका इरादा देश को हिन्दू द्वीप बनाने का है। एक विविध संस्कृति, सभ्यता, बोली, भाषा वाले देश को हिन्दू द्वीप बनाना एक सनक के अलावा कुछ नहीं है। और सनक का इलाज लुकमान तथा सुषेन के पास भी शायद नहीं है। सनक का इलाज केवल और केवल जनता कर सकती है। जनता के पास अभी भी मौका है। जनता मतदान के अंतिम दो चरणों में पहले के पांच चरणों में हुई भूल-चूक को ठीक कर सकती है।

दरअसल, ये चुनाव 400 पार का है ही नही। ये चुनाव तो आर-पार का है। आप देश को किस दिशा में ले जाना चाहते हैं, आप खुद तय कीजिये। किसी राजनीतिक दल को तय मत करने दीजिये। यदि आप विविधता वाला हिन्दुस्तान नहीं चाहते तो आपकी मर्जी ? मुझे कुछ नहीं कहना। लेकिन यदि आप इस देश को गाँधी और असंख्य शहीदों के सपनों का देश बनाना चाहते हैं तो पहचानिये अपने बीच खड़े नायकों और खलनायकों को। इन्हीं नायकों और खलनायकों में अधिनायक भी चादर ओढ़कर खड़े है। उनकी आँखों में अंबक जल नहीं बल्कि मगरमच्छों जैसे मोटे-मोटे आंसू हैं।

अब वो जमाना नहीं रहा जब ऐलानिया कहा जाता था कि -' ये आंसू मेरे दिल की जुबान हैं " अब आंसू ठगी का औजार हैं। ये ग्लिसरीन वाले आंसू भी नहीं हैं। ये उस मगरमच्छ के आंसू हैं जो बंदर का कलेजा खाने के लिए बंदर से दोस्ती करता है। उसे अपनी पीठ पर सैर कराता है और मझधार में पहुंचकर अपने इरादे उजागर करता है। हमारी नीति कथाएं की कहतीं है कि यदि आपकी मगरमच्छ के जाल में उलझने से बचना है तो आपको भी मगरमच्छ को ये कहकर चकमा देना होगा कि -सर मै तो अपना दिल नदी किनारे पेड़ पर लटका आया हूँ। आप वापस चलिए और मुझे अपना दिल वापस लाने में मदद कीजिये। कहने का आशय ये है कि ये मगरमच्छों को झांसा देने का सही समय है। ये तय करने का समय है कि कौन नक्सलियों की भाषा बोल रहा है और कौन तालिबानियों की भाषा ? खग जब खग की भाषा पहचान सकता है तो आप अपने सामने खड़े नायकों, खलनायकों और अधिनायकों की भाषा नहीं पहचान सकते ? देश के भविष्य को भगवान के भरोसे मत छोड़िये। भगवान के भक्तों के भरोसे तो बिलकुल मत छोड़िये, क्योंकि ये सब बहुरूपिये हैं। इनसे सावधान रहकर अपने वोट के जरिये अपने देश का भविष्य संवारिये। आखिर ये देश इन भक्तों का, अंधभक्तों का ही नहीं सजग नागरिकों का भी है जो विवेकशील हैं। फैसले करने में निपुण हैं। अर्थात अग्निपरीक्षा सत्तारूढ़ दल और विपक्ष की नहीं मतदाता की भी है। वही तय करेगा की इस बार आर-पार का फैसला होना है या केवल 400 पार का ?

# डीएम अचानक पहुंचे अस्पताल, गैरहाजिर मिले डॉक्टर

## अस्पताल का बारीकी से किया निरीक्षण, बाहर से दवायें न लिखें डॉक्टर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पंजीकरण कक्ष, ओपीडी, ब्लड बैंक, रसोई घर, रेबीज कक्ष, मेडिसिन स्टोर, दवा वितरण कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, एसी वार्ड, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड, आयुष्मान कक्ष, पीएनसी वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र, इमरजेंसी वार्ड, एसएनसीयू वार्ड आदि कक्षों का निरीक्षण किया।

बुधवार को जिलाधिकारी अचानक जिला अस्पताल पहुंच गये। ओपीडी में डॉ कन्हैयालाल, डॉ कुलदीप व डॉ आरबीलाल गैरहाजिर मिले। जिलाधिकारी ने सीएमएस डॉ बंदना श्रीवास्तव को निर्देश दिये कि तत्काल इनके खिलाफ कार्यवाही की जाये। उन्होंने मरीज से दवा खाने के बारे में जानकारी ली। चिकित्सकों को कडे निर्देश दिये कि कोई भी दवा मरीजों को बाहर से लेने को न लिखी जाये। ऐसी शिकायतें मिलने पर वे कडी कार्यवाही करेंगे। जिला अस्पताल की साफ-सफाई सही ढंग से न होने पर खफा डीएम ने सीएमएस को कडे निर्देश दिये। जिला अस्पताल की साफ-सफाई अच्छे ढंग से कराई जाये। भीषण गर्मी के मद्देनजर पेयजल, एसी, पंखा, कूलर व विद्युत व्यवस्था निर्बाध रूप से चालू रखें। किसी भी मरीज को कोई समस्या



अस्पताल का निरीक्षण करते डॉक्टर।

नहीं होनी चाहिए। जिला अस्पताल के अंदर गाड़ियों के प्रवेश पर कहा कि जो सिक्योरिटी गार्ड सुरक्षा पर लगे हैं, वह गेट के अंदर कोई भी गाड़ी न आने दें। सही ढंग से कार्य न करने पर सुरक्षा गार्डों को तत्काल हटाकर दूसरी व्यवस्था कराई जाये।

जिलाधिकारी ने पंजीकरण कक्ष निरीक्षण दौरान मरीजों की तादाद के बारे में जानकारी ली। कहा कि पंजीकरण में किसी भी मरीज को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने दवा वितरण कक्ष के निरीक्षण दौरान दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। वार्ड ब्वाय से कहा कि सभी मरीजों को दवा वितरण करते समय मरीजों को दवा खाने के बारे में बतायें। उन्होंने जननी सुरक्षा वार्ड निरीक्षण दौरान स्टाफ नर्सों से कहा कि सही ढंग से कार्य करें।

उन्हें शिकायतें मिल रही हैं कि मरीजों को परेशान किया जा रहा है। दोबारा ऐसी समस्या मिली तो वे कार्यवाही करेंगे। सीएमएस से कहा कि बैठक कर बतायें कि कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए अन्यथा वे सीएमएस के खिलाफ कार्यवाही करेंगे। जो दवाई कोल्ड रूम में रखी जा रही है, सही ढंग से रखें। जो दवायें एक्सपायरी हैं, उन्हें डिस्पोज करें। दवाओं के स्टोर कक्ष निरीक्षण दौरान विभिन्न दवाओं के बारे में प्रभारी शैलेंद्र सिंह से जानकारी ली। रसोई घर की साफ-सफाई अच्छे से करने के निर्देश दिये। गुणवत्ता युक्त भोजन मरीजों को दिया जाये। जननी सुरक्षा योजना के भुगतान बाबत जानकारी ली। माह अप्रैल तक का भुगतान पाया गया। मई के भुगतान की प्रक्रिया जारी है। निरीक्षण दौरान सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव समेत संबंधित डॉक्टर मौजूद रहे।



योग सीखती महिलायें।

## शिविर में सिखाये योगासन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर में योग प्रशिक्षक मंजू केशरवानी, विमल आर्य, मनीष केसरवानी, वीणा बंधवकर, अंशू सोनी, लालमनी व जिला प्रभारी नरेन्द्र चंद्रवंशी ने शिविर में लोगों को योग सिखाया। बुधवार को योग शिक्षक मंजू केशरवानी आदि ने योगासन, प्राणायाम, एक्यूप्रेशर, जल नीति, नेत्र प्रक्षालन, मुद्रा, घरेलू उपचार, जड़ी बूटियों की बाबत जानकारी दी। जिले के अटल पार्क में पांच दिवसीय निःशुल्क शिविर चल रहा है। शिविर में 150 योग प्रेमी शामिल हुए। महिला पतंजलि योग समिति ये शिविर चला रही है।

# चुनाव ड्यूटी में गये पुलिस कर्मियों को एसपी ने दी हिदायत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने लोकसभा चुनाव के छठवें व सातवें चरण चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को जिले से ड्यूटी में लगाये पुलिस बल को पुलिस लाइन से हरीझंडी दिखाकर रवाना किया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक ने लगाये पुलिस बल को यात्रा व मतदान दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की बाबत हिदायत दी। निर्देश दिये कि लोकसभा चुनाव अंतिम चरण में है। जिस तरह से अभी तक सावधानी से चुनाव सम्पन्न कराये हैं। ठीक उसी तरह से सतर्क व संवेदनशील रहकर चुनाव ड्यूटी करें। ये एक महत्वपूर्ण ड्यूटी है। लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान



चुनाव ड्यूटी में जाने वाले पुलिस कर्मियों को निर्देश देते एसपी।

देकर बूथ पर मतदाताओं के साथ विनम्र बर्ताव करें। किसी भी व्यक्ति के मतदान दौरान कोई अव्यवस्था करने पर उच्चाधिकारियों को सूचना दें। मतदान को शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष होने से प्रभावित करने पर उस व्यक्ति को रोकें। अराजकतत्वों को हर दशा में विफल कर सूचना उच्चाधिकारियों को दें।

चुनाव ड्यूटी में लगे सभी पुलिस बल को लंच बॉक्स, रास्ते के लिये नास्ता व फर्स्ट एड किट भी दी गई। सभी से कहा कि कोई बस से रास्ते में नहीं उतरेगा। सभी कर्मचारी एक साथ गंतव्य तक जायेंगे। इस मौके पर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण व अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# दहकता सूरज सूनी सड़कें, लोग बेहाल, तापमान 45 डिग्री पहुंचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** इन दिनों सूरज अपने पूरे शवाब पर है। आग उगलती सूरज की किरणों के सामने आम जनमानस कहीं नहीं ठहर पा रहा। सुबह दस बजे के बाद से शहर की मुख्य सड़कों में सन्नाटा पसर जाता है। जरूरी काम को निकलने वाले लोग पूरे शरीर को ढककर निकल रहे हैं। यात्रा करने वाले लोगों को पसीना पोंछते व पानी ढूंढते हर जगह देखा जा सकता है।

मई माह में गर्मी व तपन झेल रहे जिले में मानो सड़क पर आग बरस रही है। तापमान 45 डिग्री तक पहुंच रहा है। पाठा क्षेत्र के पथरीले इलाके की हालत अत्यंत खराब है। यहां रात में भी पत्थर



सूनी सड़क।



कुछ यूं निकलते लोग।



धूप से खुद व बच्चे को बचाती मां।

को छूने की हिम्मत नहीं पडती। गर्म हवा व पानी की समस्या गर्मी को बढ़ा रही है। शहर की सड़कों में दोपहर से लेकर शाम तक सन्नाटा हो जाता है। जरूरी काम को निकलने वाले लोग सिर से पैर तक शरीर को ढककर निकल रहे हैं। सरकारी कार्यालयों में भी सन्नाटा रहता है। ग्रामीण क्षेत्रों की हालत ज्यादा खराब है। खासतौर पर पानी की समस्या होने से गर्मी असहनीय हो रही है। मवेशियों की हालत गम्भीर है। कम पानी वाले गांवों से मवेशी दूसरे गांव पहुंच गये हैं। पानी लाने को लोग एक किमी दूर तक पैदल जाते हैं। इसके बावजूद स्वच्छ पानी न मिलने से बीमारियां बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में इन दिनों प्रतिदिन दो सौ मरीज गर्मी, लू, बुखार व उल्टी-दस्त के आ रहे हैं।

मई माह में सड़कों पर खड़ी गाड़ियां भी तप रही हैं। दिन में यात्रा करने वाले लोगों के हाथ-पैर बस व ट्रेनों की खिड़कियां छूने मात्र से जलने लगते हैं। ऐसे में मजबूरी में ही लोग सफर कर रहे हैं। खासकर बस सेवा प्रभावित है। परिवहन विभाग के अनुसार इस वर्ष मई माह में विभाग की आमदनी आधी हो गई है। पिछले वर्ष मई माह में लगभग पांच लाख रुपये प्रतिदिन की आमदनी होती थी। इस वर्ष अभी एक चैथाई नहीं हो सकी है।

# भाजपा बूथ एजेंट की दबंगों ने की बेरहमी से पिटाई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता की कुछ दबंग धज्जियां उडा रहे हैं। भाजपा बूथ एजेंट की बेरहमी से पिटाई कर जान से मारने की धमकी देते हुए गांव से निकल जाने का फरमान जारी किया है। पीड़ित खासा सहमा है।

ये मामला मऊ थाना क्षेत्र के हन्ना बिनैका गांव का है। बूथ संख्या 64 में गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र रामानुज विश्वकर्मा भाजपा का बूथ एजेंट था। 20 मई को पांचवे चरण के मतदान के दिन गोविंद प्रसाद



पीडित गोविन्द विश्वकर्मा।

विश्वकर्मा मतदेय स्थल पर भाजपा का बूथ एजेंट बनने जा रहा था। गांव के दबंग राजीव तिवारी, दिलीप तिवारी, संजीव तिवारी उर्फ अतुल तिवारी पुत्र फूलचंद तिवारी ने एजेंट बनने व बस्ता लगाने से रोका। पीड़ित के साथ गाली- गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए गांव से निकल जाने का फरमान जारी किया है। 21 मई को दोपहर 11.48 पर पीड़ित टावर के पास पुलिया से होकर घर जा रहा था। तभी दबंगों ने पीडित से गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। फोन से भाई दिलीप तिवारी व राजीव तिवारी को बुला लिया। सभी ने पीड़ित की बेरहमी से पिटाई कर पांच हजार रुपये भी छीन लिये। भाजपा का समर्थन करने पर जान से मारने की धमकी दी। कहा कि दोबारा गांव में नजर आने पर जान से मार दिये जाओगे। पीड़ित ने बताया कि ये लोग दबंग किस्म के हैं। इनके खिलाफ छेड़खानी व अनुसूचित जाति अधिनियम के मामले दर्ज हैं। पीड़ित ने कहा कि ये दबंग उसे गांव में न रहने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने आशंका जताई कि दबंग कभी भी उसकी हत्या करा सकते हैं। पीड़ित गोविंद प्रसाद विश्वकर्मा ने पुलिस अधीक्षक को सौंपे पत्र में मामला दर्जकर कार्यवाही की मांग की है।

## 13 को लोक अदालत में करायें निस्तारण

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण से प्राप्त कार्य योजना के क्रम में जिला विधिक राज्य सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में सदर तहसील के करारी गांव में विधिक साक्षरता शिविर लगा। ग्रामीणों को कानूनी जानकारियां दी गयी। बुधवार को शिविर में पैरालीगल वालेंटियर ममता वर्मा ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मेनवाल के निर्देश पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर लगाया जा रहा है। ग्रामीणों को बाल हिंसा, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति, जनजाति उत्पीड़न रोकने को बनाये कानूनों बाबत जानकारी दी गयी। शिक्षा के अधिकार बाबत बताया गया। ग्रामीणों के बीच विधिक साहित्य बांटा गया।

# सीओ राजापुर ने की स्ट्रांग रूम की बारीकी से जांच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय ने लोकसभा चुनाव बाद स्ट्रॉग रूम में रखी ईवीएम मशीन स्थल राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का निरीक्षण किया।

बुधवार को सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय ने स्ट्रांग रूम का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों की जांच की। कंट्रोल रूम में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की। निर्देश दिये कि किसी भी व्यक्ति या वाहन को अन्दर प्रवेश न करने दिया जाये। सावधानी से ड्यूटी



सीसीटीवी फुटेज देखतीं सीओ।

करें। ज्ञात है कि मंगलवार को बिना नम्बर की मजिस्टेट्ट लिखी गाडी से बुद्धविलास नामक व्यक्ति/कर्मचारी शराब की बोतल लिए स्ट्रांग रूम स्थल पर पहुंच गया था। इसे लेकर राजनीतिक दलों के लोगों ने खासा बवाल काटा था। एसपी अरुण कुमार सिंह व एडीएम उमेशचन्द्र निगम ने पहुंचकर मामला संभाला था। इसके मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय को स्ट्रांग रूम की खासतौर पर जांच को तैनात किया है। वे चार जून तक स्ट्रांग रूम की बारीकी से देखभाल करेंगी।



पौधारोपण करते दामोदर रोपवे।

# दामोदर रोपवे ने पौधरोपण कर मनाया जैविक विविधता दिवस

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतरराष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस पर दामोदर रोपवे ने हनुमान धारा रोपवे स्थित साइट पर सवेरे आठ से पूर्वान्ह 11 बजे तक पौधारोपण किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि/एसडीएम जीतेंद्र वर्मा व मयंक चतुर्वेदी (गुड्डा राजा) मौजूद रहे। बुधवार को 22 मई को दुनिया भर में अंतरराष्ट्रीय जैविक विविधता दिवस के बतौर मनाया जाता है। जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन का आधार है। पेड़-पौधों से लेकर जानवर, किसान व कई तरह के सूक्ष्मजीव भी शामिल हैं। मानव स्वास्थ्य व कल्याण को बहुत जरूरी हैं। भोजन, पानी, दवा व कई जरूरी संसाधन मिलते हैं। जैव विविधता कई तरह की प्राकृतिक आपदाओं से बचाने में मदद करती है। इस मौके पर दामोदर रोपवे के मैनेजिंग डायरेक्टर आदित्य चमरिया ने कहा कि रोपवे परिवहन का सबसे पर्यावरण अनुकूल तरीका है। सबसे कम जगह लगती है। इसे पहाड़ी क्षेत्रों में सड़क बनाने को वैकल्पिक अतिरिक्त विधि की बजाय प्राथमिक साधन के रूप में माना जाना चाहिए। आज के दौर में जैविक विविधता की क्षति हो रही है। मानव गतिविधियों से पेड़ काटना, गंदगी फैलाना, प्रदूषण व जलवायु परिवर्तन के चलते जैव विविधता खतरे में है।

# ग्राविअ उत्कर्ष सिंह को बीडीओ ने दी कारण बताओ नोटिस

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने ग्राम विकास अधिकारी लौढियामाफी उत्कर्ष सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी की है। नोटिस में कहा है कि मुख्य पशु चिकित्साधिकारी (सीबीओ) के निर्देश में गौशाला संरक्षित गौवंशों के भरण-पोषण को 22 मई को गौआश्रय पोर्टल पर देखा तो पाया कि अभी तक ग्राम पंचायत लौढियामाफी का फरवरी व मार्च 2024 की डिमांड गौआश्रय पोर्टल पर अपलोड नहीं हुआ। उन्होंने इसे बेहद गम्भीर बताया है। बुधवार को बीडीओ पीयूष त्रिपाठी ने ग्राम विकास अधिकारी उत्कर्ष सिंह को जारी नोटिस में कहा कि समीक्षा बैठकों, दूरभाष व पत्राचार से कई बार निर्देश जारी किये कि गौआश्रय पोर्टल में डिमांड अपलोड कर दी जाये। ऐसा न कर स्वेच्छाचारिता का बर्ताव सचिव ने किया है। इससे जाहिर है उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना करने के आदी हैं। उन्होंने कारण बताओ नोटिस में निर्देश दिया कि अधिकतम दो दिन के अन्दर लौढियामाफी में संचलित गौशाला का डिमांड गौआश्रय पोर्टल से अपलोड न करने का समुचित कारण बतायें। स्पष्टीकरण साक्ष्यों समेत उपलब्ध करायें। निर्धारित समय से नोटिस का जवाब न देने पर कार्यशैली बाबत उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर अनुशासनात्मक एवं प्रशासनिक कार्यवाही करने को संदर्भित किया जायेगा। इसके जिम्मेदार खुद सचिव होंगे।

## लेन-देन को लटकाते थे सचिव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** ज्यादातर गांवों के सचिव उच्चाधिकारियों का कहना नहीं मानते। ऐसे सचिव पैसों के लेन-देन के चक्कर में समय से गौशाला खर्च का डिमांड नहीं भेजते। मानिकपुर बीडीओ पीयूष त्रिपाठी जिले में पहले ऐसे बीडीओ हैं जिन्होंने सचिव को सबक सिखाने को ऐसी नोटिस जारी की है। अभी तक बीडीओ सचिव के हांकने पर चलते थे। अब लगता है कि सचिव बीडीओ के आदेशों पर चलेंगे।

## सर्पदंश से किसान की मृत्यु

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के रामपुर में सर्पदंश से एक अधेड़ किसान की मौत हो गई। घर में कोहराम मच गया। ये हादसा बुधवार को मानिकपुर थाने के रामपुर गांव में सवेरे नौ बजे हुआ। बताया गया कि रामपुर गांव का किसान हरीमोहन साहू (62) पुत्र सीताराम साहू सब्जी फसल में कीटनाशक छिड़कने को कमरे में रखी मशीन निकाल रहा था। इसी बीच उसे सर्प ने डस लिया। परिजनों न सर्पदंश से उसका इलाज झाड़फूंक से कराया। झाडफूंक में समय बर्बाद कर दिया। इससे उसकी हालत और बिगड गई। परिजनों ने गांव के तीन ओझाओं से बारी-बारी से झाड़फूंक कराई। हालात गंभीर होने पर एम्बुलेंस से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। अधेड़ किसान हरीमोहन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। फिलहाल परिजन शव को पोस्टमार्टम करवाने के पक्ष में नहीं हैं। पोस्टमार्टम होने पर मृतक के आश्रितों को सरकारी सहायता चार लाख रुपये मिल सकते हैं।

# सुलह-समझौते से दो मामलों में सुलह

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम की अगुवाई में मध्यस्थता केन्द्र में दो मुकदमों में सुलह हुई। एक मुकदमा पारिवारिक विवाद व दूसरा चेक बाउंस में सुलह हुई।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/अपर जिला जज नीलू मेनवाल ने बताया कि ममता देवी ने परिवार न्यायालय में वाद दायर किया था। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने ममता देवी बनाम नारेन्द्र राव धारा 125 सीआरपीसी की पत्रावली को सुलह-समझौते को संदर्भित



दम्पति के बीच हुआ समझौता।

किया था। लगभग 11 माह से परिवार न्यायालय में लम्बित मामले को मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता भोला शंकर ने सुलह-समझौते से निस्तारित कराने के प्रयास किये। 11 माह से अलग रह रहे दोनों पक्ष एक साथ रहने को सहमत हुए। सुलहनामा दाखिल किया। दोनों पक्षों को एक साथ रहने को न्यायालय परिसर से ही लड़की को ससुराल भेजा। इसी प्रकार धारा 138 एनआई एक्ट का वाद कमलेश कुमार मिश्रा ने दायर किया था। सिविल जज सीडि ने कमलेश कुमार मिश्रा बनाम रमाशंकर सिंह की पत्रावली को सुलह-समझौते को मध्यस्थता केन्द्र में संदर्भित किया था। मध्यस्थता केन्द्र के मध्यस्थ अधिवक्ता ननकूराम यादव ने प्रयास कर चार वर्ष से चल रहे मामले में दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई। दोनों पक्षों ने सुलह नामा दाखिल किया। उन्होंने बताया कि 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत लगेगी। सुलह-समझौते से मामलों का निस्तारण होगा।

# सीएमएस ने दिया स्पष्टीकरण- गर्मी-लू से नहीं हुई किसी मरीज की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला अस्पताल की सीएमएस डॉ वंदना श्रीवास्तव ने स्पष्ट किया कि कुछ समाचार पत्रों में भीषण गर्मी से सात लोगों की जान गई- बाबत कहा कि रामनरेश (62) सकरौली 20 मई को दोपहर 12.10 पर भाई जयनरेश इलाज को लाये थे। उसकी मृत्यु अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई थी। अवंतिका पांच माह रानीपुर भट्ट 20 मई को अपरान्ह 1.40 पर दादा अजय अस्पताल लाये थे। अस्पताल पहुंचने से पहले उसकी भी मृत्यु हो चुकी थी। तिजिया देवी (70) चकौंध को 20 मई को अपरान्ह 3.20 पर पुत्र अमित अस्पताल लाया था। उसकी भी अस्पताल पहुंचने से पहले मृत्यु हो चुकी थी। बुधवार को सीएमएस ने स्पष्ट किया कि फूलचन्द्र निषाद (55) हरीशनपुर को 20 मई शाम 5.50 पर लाया गया था। मरीज को सांस फूलने की शिकायत थी। पेट में सूजन व दर्द-एसाइटिस की बीमारी थी। मरीज की हालत गंभीर थी। आकस्मिक विभाग में मरीज का यथा सम्भव इलाज किया गया। इलाज दौरान 8.20 पर हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गयी। मृत्यु का कारण उल्टी, दस्त, बुखार नहीं था। मौजूदा समय में किसी भी मरीज की मृत्यु भीषण गर्मी व लू से नहीं हुई।

# दिवंगत ईरानी राष्ट्रपति रईसी को दी गई अंतिम विदाई, सुप्रीम लीडर ने किया नेतृत्व, हजारों लोग हुए शामिल



**दुबई:** हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिस रईसी, विदेश मंत्री और अन्य दिवंगत अधिकारियों को बुधवार को नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई. ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने जनाजे की नमाज (प्रार्थना सभा) का नेतृत्व किया. इसके बाद राजधानी तेहरान में दिवंगत लोगों के ताबूतों के साथ अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए. तेहरान विश्वविद्यालय में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. शवों के ताबूतों को ईरानी ध्वज में लपेटा गया और उन पर उनकी तस्वीरें लगी थीं.

**सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई ने किया प्रार्थना सभा का नेतृत्व**

खामेनेई ने दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की और उनके हक में दुआ की. इसके बाद गमगीन लोग ताबूतों को छूने के लिए आगे बढ़े. ईरान के कार्यवाहक राष्ट्रपति मोहम्मद मोखबर भी सुप्रीम लीडर खामेनेई के पास में खड़े थे. इसके बाद लोगों ने ताबूतों को अपने कंधों पर उठाया. वहां मौजूद लोगों ने अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी भी की. रविवार को हुई हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरानी राष्ट्रपति रईसी, विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन समेत नौ लोगों की मौत हो गई थी.

**दिवंगत ईरानी राष्ट्रपति रईसी को लोगों ने नम आंखों से दी विदाई**

**तेहरान शहर में निकाली गई अंतिम यात्रा**

ट्रेलर पर ताबूतों को रखकर तेहरान शहर में उन स्थानों से अंतिम यात्रा निकाली गई, जहां रईसी ने पूर्व में भाषण दिए थे. विदाई यात्रा के दौरान लोगों ने स्कार्फ और अन्य वस्तुओं से उनका सम्मान किया. प्रार्थना सभा और विदाई यात्रा में ईरानी सैन्यबल रिवोल्यूशनरी गार्ड के शीर्ष अधिकारी भी शामिल हुए.

**प्रार्थना सभा में शामिल हुआ हमास का शीर्ष नेता**

फिलिस्तीनी उग्रवादी समूह हमास का शीर्ष नेता इस्माइल हनियेह ने भी रईसी की अंतिम यात्रा में भाग लिया. ईरान ने गाजा में चल रहे युद्ध के दौरान हमास को हथियारों के साथ पूरा समर्थन दिया था. अंतिम संस्कार से पहले हनियेह ने ईरानी समर्थकों को संबोधित भी किया. हनियेह ने कहा, मैं फिलिस्तीनी लोगों और गाजा में इजराइल के खिलाफ संघर्ष कर रहे समूहों की तरफ से अपनी संवेदना व्यक्त करने के लिए आया हूं. उन्होंने पवित्र रमजान महीने के दौरान तेहरान में रईसी से अपनी मुलाकात का भी जिक्र किया. उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने कहा था कि फिलिस्तीन मुद्दा मुसलमानों के लिए प्रमुख मुद्दा है.

# पीटीआई नेता परवेज इलाही को कोट लखपत जेल से रात को किया गया रिहा



**लाहौर।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चौधरी परवेज इलाही को मंगलवार रात कोट लखपत जेल से रिहा कर दिया गया। लाहौर हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत देते हुए मुख्यमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान पंजाब विधानसभा में की गई कथित अवैध नियुक्ति से संबंधित एक मामले में उनकी रिहाई का आदेश दिया था। इलाही के वकील अमीर सईद ने बताया कि जेल से रिहा होने के बाद पीटीआई नेता जहूर इलाही पैलेस पहुंचे। वहां वह परिवार के सदस्यों से मिले। इलाही को इस महीने की शुरूआत में कोट लखपत जेल ले जाया गया था। इलाही ने कहा है "मैं उन न्यायाधीशों का आभारी हूं जिन्होंने सच्चाई का समर्थन किया और मुझे रिहा कर दिया गया। मैं उन सभी का आभारी हूं जिन्होंने मेरे लिए प्रार्थना की और इस कठिन समय में मेरा साथ दिया। राज्य के लोगों को बहुत दुर्व्यवहार और क्रूरता का सामना करना पड़ा। यहां तक कि हमारा जनादेश भी चोरी हो गया।"

पीटीआई नेता इलाही आरोप लगाया कि गृहमंत्री मोहसिन नकवी ने उन्हें गिरफ्तार कराने में "सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई"। उन्होंने कहा, "मैं इमरान खान के साथ था, हूं और रहूंगा।"

# बांग्लादेश के गृहमंत्री ने भारत में अवामी लीग सांसद अनवारुल की हत्या को बताया सुनियोजित



**ढाका।** बांग्लादेश के गृहमंत्री असदुज्जमां खान ने अवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक फ्लैट में हुई हत्या को सुनियोजित करार दिया है। इस सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत की पुलिस हत्याकांड की जांच में सहयोग कर रही है

अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में गृहमंत्री ने बुधवार को कहा कि अजीम जेनाइदाह-4 सीमावर्ती क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। यह क्षेत्र उच्च अपराध दर के लिए जाना जाता है। अजीम इलाज के लिए भारत गए थे। अजीम 12 मई को भारत गए थे। 18 मई को उत्तरी कोलकाता के बारानगर पुलिस स्टेशन में उनकी गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस हत्याकांड पर विदेशमंत्री हसन महमूद ने एक सेमिनार में भाग लेने के बाद ढाका विश्वविद्यालय के सीनेट भवन में पत्रकारों से कहा कि कोलकाता पुलिस उस फ्लैट में दाखिल हुई, जहां कथित तौर पर सांसद की हत्या की गई थी, लेकिन शव नहीं मिला। उन्होंने कहा कि कोलकाता पुलिस और बांग्लादेश पुलिस की जासूसी शाखा ने मुख्य संदिग्ध सहित चार को गिरफ्तार किया है। बांग्लादेश ने कई स्तर पर हत्याकांड की जांच शुरू की है। अधिकारी कोलकाता पुलिस के संपर्क में हैं।

इस बीच, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अजीम की मौत पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शाश्वत मुक्ति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के सदस्यों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।

# नेपाल में गृहमंत्री के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी आन्दोलन करेगी नेपाली कांग्रेस

**काठमांडू।** प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ और अधिक आक्रामक ढंग से विरोध करने जा रही है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय में केन्द्रीय समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ सदन के अलावा सड़क पर भी विरोध-प्रदर्शन करने का फैसला लिया है।

बैठक की जानकारी देते हुए सांसद एवं पूर्व मंत्री एनपी साउद ने कहा कि सरकार ने विपक्षी दल की मांग को अनसुना कर दिया है और सहकारी मामले की जांच कराने से पीछे हट रही है। साउद ने बताया कि अब तक कांग्रेस सिर्फ सदन में गृहमंत्री के खिलाफ अपना विरोध-प्रदर्शन कर रही थी लेकिन अब सड़क पर आन्दोलन करने जा रही है। दोनों सदन की कार्यवाही रोकने के साथ ही सड़क पर भी गृहमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए विरोध-प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस की सांसद एवं पूर्व मंत्री चन्दा चौधरी ने बताया कि केन्द्रीय कार्य समिति और संसदीय दल की संयुक्त बैठक में गृहमंत्री के खिलाफ पहले चरण में काठमांडू में प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया है। इसके लिए पार्टी के युवा एवं छात्र संगठन को आज से प्रतिदिन सड़क पर आक्रामक प्रदर्शन करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा दूसरे चरण में जिन शहरों की सहकारी संस्थाओं में ठगी हुई है, उन शहरों में प्रदर्शन किया जायेगा।

# मीडिया ग्रुप के मालिक की गिरफ्तारी से नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने झाड़ा पल्ला

**काठमांडू।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल 'प्रचण्ड' ने देश के सबसे बड़े मीडिया ग्रुप के मालिक की गिरफ्तारी से पल्ला झाड़ लिया है। उन्होंने इसे अदालती मामला बताते हुए इस पर अधिक हो हल्ला नहीं करने की सलाह दी है। कान्तिपुर मीडिया ग्रुप के मालिक कैलाश सिरोहिया की गिरफ्तारी से नाराज मीडिया के प्रतिनिधियों से बातचीत में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सरकार का नहीं बल्कि अदालत का मामला है। सरकार अदालती मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। नाराज मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में प्रचंड ने कहा कि कैलाश सिरोहिया के मामले में अदालत से ही गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक

स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI No: UPHIN/2001/09025

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# कामिरिता ने दस दिन में दूसरी बार माउंट एवरेस्ट की सफल चढ़ाई कर बनाया कीर्तिमान

## 30वीं बार सफल आरोहण कर सर्वाधिक बार का रिकार्ड भी अपने नाम किया दर्ज



काठमांडू। दस दिनों के भीतर दूसरी बार विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट पर सफलतापूर्व चढ़ाई कर नेपाली पर्वतारोही कामिरिता शेर्पा ने एक नया विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। माउंट एवरेस्ट पर आज 30वीं बार सफल आरोहण कर कामिरिता ने सबसे अधिक बार का रिकार्ड भी अपने नाम कर लिया है।

नेपाल पवारोही संघ की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि कामिरिता शेर्पा ने बुधवार की सुबह 7 बजकर 49 मिनट पर माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच कर नया रिकार्ड बनाया है। एवरेस्ट पर चढ़ने वाले कामिरिता पहले ऐसे व्यक्ति हैं, जो अब तक तीसवीं बार सफल आरोहण कर चुके हैं। इससे पहले 12 मई को भी कामिरिता ने 29वीं बार सफल चढ़ाई कर रिकार्ड अपने नाम किया था।

इस बार जब से पवारोहण के लिए सरकार की तरफ से अनुमति दी गई, तब से 10 दिनों के भीतर ही कामिरिता ने दो बार सफल आरोहण करने का रिकार्ड बना लिया है। पिछले वर्ष 23 मई को कामिरिता ने 28वीं बार माउंट एवरेस्ट का सफल आरोहण किया था। पर्यटन विभाग के अस्थाई एवरेस्ट बेस कैम्प के प्रमुख खिमलाल गौतम ने बताया कि इस सीजन में अब तक 460 लोगों ने माउंट एवरेस्ट का सफल आरोहण कर लिया है।

# अमेरिका का इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच में सहयोग से इनकार

**वाशिंगटन।** ईरान में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलीकॉप्टर हादसे की जांच में सहयोग करने से अमेरिका ने इनकार कर दिया है। अमेरिका ने आने-जाने की दिक्कतों का हवाला दिया है। इस हादसे में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के साथ विदेश मंत्री हुसैन अमीर अब्दुल्लाहियन और छह अन्य लोगों की मौत हो गई थी। ईरान सरकार ने अमेरिका से जांच में मदद का आग्रह किया था।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस वार्ता में जब ईरान सरकार की ओर से मदद का आग्रह किए जाने के बाबत पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका इस तरह की स्थितियों में विदेशी सरकारों से आग्रह आने पर मदद करता है लेकिन अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है। अमेरिका काफी हद तक लॉजिस्टिकल कारणों से ईरान की मदद करने में सक्षम नहीं है।

अमेरिका द्वारा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रईसी के प्रति संवेदना व्यक्त करने और एक मिनट के मौन में भाग लेने संबंधी सवाल पर मिलर ने कहा कि उनके देश का स्पष्ट मत है कि रईसी चार दशकों तक ईरानी लोगों के दमन में क्रूर भागीदार थे, लेकिन अमेरिका हेलीकॉप्टर दुर्घटना जैसी घटना में कोई भी जान जाने पर अफसोस व्यक्त करता है। लेकिन इससे ईरान में जज और राष्ट्रपति के तौर पर रईसी के रिकार्ड की हकीकत और यह तथ्य नहीं बदल जाता कि उनके हाथ खून से सने थे।

मिलर ने कहा, "ईरान के प्रति हमारा मौलिक दृष्टिकोण न बदला है और न ही बदलेगा। हम ईरान के लोगों का समर्थन करना और उनके मानवाधिकारों, एक खुले व मुक्त समाज और लोकतांत्रिक भागीदारी की उनकी आकांक्षाओं की रक्षा करना जारी रखेंगे।"

मिलर ने पूर्व ईरानी विदेश मंत्री मोहम्मद जवाद जरीफ की उस टिप्पणी का भी जवाब दिया, जिन्होंने हादसे के लिए अमेरिकी प्रतिबंधों को दोषी ठहराया था।

अमेरिकी प्रवक्ता ने कहा, "ईरानी सरकार ने आतंकवाद का समर्थन करने के लिए उपकरण ले जाने में अपने विमान का उपयोग किया। इसलिए हम अपने प्रतिबंधों को पूरी तरह से जारी रखेंगे, जिसमें ईरान सरकार द्वारा उपयोग के लिए विमानों पर प्रतिबंध शामिल हैं। अंततः ईरानी सरकार ही खराब मौसम में 45 वर्ष पुराने हेलीकॉप्टर को उड़ाने के लिए जिम्मेदार है। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हेलीकॉप्टर हादसे में मारे गए रईसी और अन्य लोगों के लिए एक मिनट का मौन रखा गया।

# इजराइली अधिकारियों ने समाचार एजेंसी 'एपी' के उपकरण जब्त किए, नए मीडिया कानून का दिया हवाला

**यरूशलम।** इजराइली अधिकारियों ने मंगलवार को अल जजीरा को तस्वीरें देने के आरोप में दक्षिणी इजराइल में द एसोसिएटेड प्रेस (एपी) का एक कैमरा और प्रसारण उपकरण नए मीडिया कानून के उल्लंघन करने तहत जब्त कर लिया। एपी ने इजराइल के इस कदम की निंदा की है। कतर के सेटलाइट चैनल उन हजारों ग्राहकों में से एक है जो एपी और अन्य समाचार संस्थानों से ह्यलाइव वीडियोह्ल प्राप्त करते हैं।

समाचार संस्थान में कॉर्पोरेट संचार मामलों के उपाध्यक्ष लॉरेन ईस्टन ने कहा, एसोसिएटेड प्रेस गाजा से संबंधित दृश्य दिखाने वाले हमारे लंबे समय से चले आ रहे ह्यलाइव फीडह्ल को बंद करने और एपी के उपकरण जब्त करने की इजराइल सरकार की कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा करता है। उन्होंने कहा कि कार्रवाई साक्ष्य पर आधारित नहीं थी, बल्कि यह देश के नए विदेशी प्रसारण कानून का इजराइली सरकार द्वारा दुरुपयोग किए जाने के कारण की गई।

ईस्टन ने कहा, हम इजराइली अधिकारियों से हमारे उपकरण वापस करने और हमें सीधा प्रसारण करने देने का अनुरोध करते हैं ताकि हम दुनिया भर के हजारों मीडिया संस्थानों को महत्वपूर्ण फुटेज प्रदान करना जारी रख सकें।इजराइल के संचार मंत्रालय के अधिकारी मंगलवार दोपहर दक्षिणी शहर सदेरोत में उस जगह पर पहुंचे जहां एपी की टीम मौजूद थी। उन्होंने समाचार प्रतिष्ठान के उपकरण जब्त कर लिए। उन्होंने एपी को संचार मंत्री श्लोमो करही द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपा, जिसमें आरोप लगाया गया कि यह देश के विदेशी प्रसारण कानून का उल्लंघन है। उपकरण जब्त किए जाने से कुछ समय पहले एपी उत्तरी गाजा का सामान्य दृश्य प्रसारित कर रहा था।

# नेपाल के गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ रिट दायर करने को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी- कोर्ट ने महान्यायाधिवक्ता दीनमणि पोखरेल के खिलाफ भी रिट दायर करने को कहा

**काठमांडू।** सहकारी ठगी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री रवि लामिछाने के खिलाफ रिट दायर करने को मंजूरी दे दी है। कोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को रिट दायर की जाएगी, जिसके बाद अगले हफ्ते से इस पर सुनवाई किए जाने की संभावना है। रवि लामिछाने के खिलाफ कई सहकारी संस्थाओं में आर्थिक अनियमितता कर 95 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला करने का आरोप है। सदन से लेकर सड़क तक विपक्ष आन्दोलन कर रहा है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने गृहमंत्री रवि लामिछाने को क्लीन चीट देने वाले सरकार के महान्यायाधिवक्ता दीनमणि पोखरेल के खिलाफ भी रिट दायर करने को कहा है। कुछ दिन पहले ही महान्यायाधिवक्ता पोखरेल ने रवि लामिछाने की सहकारी कांड में कोई संलग्नता नहीं होने की बात कहते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी थी। महान्यायाधिवक्ता के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक अधिवक्ता ने रिट दायर की थी, जिसे पोखरेल ने निरस्त कर दिया था। महान्यायाधिवक्ता के इस फैसले के खिलाफ अधिवक्ता अनुपम भट्टराई ने सीधे कोर्ट के इजलास में रिट दायर की थी। इसी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश टेक प्रसाद ढुंगाना ने गृहमंत्री रवि लामिछाने और महान्यायाधिवक्ता पोखरेल के खिलाफ रिट दायर करने का आदेश दिया है। जस्टिस ढुंगाना ने कहा कि महान्यायाधिवक्ता ने जिस आधार पर गृहमंत्री रवि लामिछाने को क्लीन चिट दी है, उसकी जांच अदालत में होगी। महान्यायाधिवक्ता पर कड़ी टिप्पणी करते हुए जस्टिस ढुंगाना ने कहा कि यदि इसी तरह वह इतने संगीन मामलों पर भी खुद ही फैसला देने लगे और आरोपितों को क्लीन चिट देने लगे तो फिर अदालत का क्या काम रह जाएगा?

# बलात्कार के आरोप से बरी नेपाली क्रिकेटर को अमेरिका ने नहीं दिया टी-20 विश्वकप का वीजा

**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को अमेरिका ने वीजा देने से इंकार कर दिया है। अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्वकप क्रिकेट में शामिल होने के लिए लामिछाने ने वीजा आवेदन किया था। हाल ही में बलात्कार के आरोप से बरी हुए नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान को क्रिकेट एसोसिएशन ने टी-20 विश्वकप क्रिकेट खेलने के लिए चयन कर लिया था। उच्च अदालत से बरी होने के बाद आईसीसी से संदीप को भी टी-20 में शामिल करने की मांग की गई थी, जिसके बाद आईसीसी ने उनके विश्वकप में खेलने की अनुमति दे दी थी। इसके बाद लामिछाने ने अमेरिका जाने के लिए काठमांडू स्थित दूतावास में वीजा के लिए आवेदन किया था। नेपाल के बाकी खिलाड़ी पहले ही अमेरिका पहुंच चुके हैं, ऐसे में संदीप को भी जल्द से जल्द वहां भेजने का प्रयास किया जा रहा था। अमेरिकी दूतावास की तरफ से संदीप लामिछाने के वीजा आवेदन को नामंजूर कर दिया गया है। इस बात की जानकारी खुद लामिछाने ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्ल पर दी। संदीप लामिछाने ने लिखा है कि बहुत ही दुखद है कि एक बार फिर से अमेरिकी दूतावास ने उनके अमेरिकी वीजा आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। संदीप ने लिखा है कि 2019 की तरह अमेरिका ने एक बार फिर उनके क्रिकेट खेलने के सपने को तोड़ दिया है। दरअसल, संदीप पर एक नाबालिग लड़की ने अपने साथ जबरन यौन शोषण का आरोप लगाया था। जिला अदालत से संदीप को पांच साल की सजा सुनाई गई थी, लेकिन उच्च अदालत ने आरोप लगाने वाली लड़की को नाबालिग मानने से इंकार करते हुए संदीप पर कोई भी जोर जबरदस्ती करने का कोई प्रमाण नहीं मिलने का फैसला दिया था। उच्च अदालत से बरी किए जाने के तत्काल बाद से ही संदीप को अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले विश्वकप में भेजने की तैयारी शुरू कर दी गई थी।

# तीन महीने में 14 चीनी नागरिकों सहित 37 विदेशियों को नेपाल से निकाला गया

काठमांडू। नेपाल में अवैध रूप से रह रहे 37 विदेशी नागरिकों को देश से निष्कासित कर दिया गया है। इनमें सबसे अधिक 14 संख्या चीन के नागरिकों की है।

नेपाल के अध्यागमन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक इस साल फरवरी से अप्रैल तक 37 विदेशी नागरिकों को देश निकाला गया है। इनमें चीन, अमेरिका, बांग्लादेश, इरान, यूके जैसे देश के नागरिक हैं। नेपाल में रहकर अवैध गतिविधि में संलग्न होने और ओवर स्टे के कारण तीन महीने में 14 चीनी नागरिकों को देश से निष्कासित किया गया है। इनमें ऑनलाइन गेमिंग और गैम्बलिंग कराने वालों की तादाद अधिक है।

अध्यागमन विभाग के मुताबिक नेपाल से निष्कासित होने वाले नागरिकों में अमेरिका के 5, इरान के 4 और यूके के 3 नागरिक हैं। इसी तरह बांग्लादेश के दो तथा नीदरलैंड, पाकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, टर्की, बहरीन, चेक रिपब्लिक और फ्रांस के एक-एक नागरिक का नाम शामिल है। इन लोगों को वीजा अवधि समाप्त होने के बाद भी लम्बे समय तक नेपाल में रहने के कारण निष्कासित किया गया है।